हा, मैंने कंस की मृत्यु के पराभव का मल शत्रु के खून से नहीं धो पाया—यह सोचता हुआ वह अपना मैला मुख किये पिता के पास आया। चरणों में प्रणाम कर अपनी विजय प्रकाशित करते हुए प्रिय पुत्र ने अपने पिता से भेंट की। पिता ने पुत्र को देखा और उसे सुना और मान लिया कि अशेष शत्रुकुल आग में नष्ट हो गया। अपने अहित-समूह के अस्त हो जाने पर—पृथ्वी का राजा आनन्द से रहने लगा। यहाँ पर महाआदरणीय वे (हरि और बलराम) पथ पर चलते हुए, समुद्र के किनारे पहुँचे। कृष्ण ने समुद्र देखा जिसके तट सूर्य-चन्द्रमा का आलिंगन कर रहे थे, जो वाडवाग्नि की ज्वाला से जल रहा था और गजों की सूँड़ों की धाराओं से जल सींचा जा रहा था। नये मूँगों के सरल अंकुरों से जो लाल रंग का था, मानो केदार राग से लिप्त हो। शंखों के घोष से जो मंगल कहा जाता था, मोतियों के दाँतों से उज्ज्वल जो मानो हँस रहा था, अपने तल में रखे हुए नाना मणिकोषों के कारण, बढ़े हुए सन्तोष के कारण जो नाच रहा था, शत्रु के लिए गम्भीर वह मल सहन नहीं करता, मानो प्रकृति से गम्भीर परमजिन हो। हे मधुसूदन ! तुम आओ, आओ—यह कहकर जो धीरज देता है और अपने तरंगरूपी हाथ से मानो उसे बुलाता है।

---

12. AP भग्गउ। 13. ABPS om. तं। 14. B सम्मुहुं।

(8) 1. B पयासियपणएं। 2. S णियतणएं। 3. K सच्चु and gloss सर्वं सत्यं वा; ABPS सव्वु। 4. P अरिकुलु। 5. A णियाहियवंदें। 6. AP संपत्तइय। 7. A महुएण। 8. AP वेलालिंकिय°। 9. B °करजलधारासित्तउ; S °करधारहिं सित्तउ। 10. AP णच्चइ णं वड्ढिय°। 11. AP परहु दुलंघु। 12. ABPS हत्थहिं।

घत्ता—भूसणदित्तिविसालु णावइ तारायणु थक्कउं।
जायवणाहें तेत्थु सायरतडि सिबिरु[13] विमुक्कउं ॥8॥

(9)

दुवई—खंचिय रह तुरंग मायंगोयारियसारिभारया[1]।
खंभि[2] णिबद्ध के[3] वि गय के वि कराहयभूरिभूरया ॥छ॥

णियसंतावयारिरविसयणइं[4] उम्मूलंति के वि करि णलिणइं।
केण[5] वि पंकु सरीरि णिहित्तउ सीयलु[6] मइलु विलेवणु[7] थक्कउ।
दाणबिंदुचंदियचित्तलजलु दीसइ काणणु चूरियदुमदलु[9]।
मुक्कइं खलिणइं मणिपरियाणइं तुरयहं भडहं विविहतणुताणइं।
थाणुणिबद्धइं तवसिउलाइं व गुणपसरियइं सुधम्मफलाइं व।
उब्भियाइं दूसइं बहुवण्णइं चलियचिंध[10] मंडवि[11] वित्थिण्णइं।
कइवय दियह तेत्थु णिवसंतहं गय दुग्गमपएस[12] जोयंतहं।
पुणु अण्णहि दिणि मंतु समत्थिउ गुरुयणेण माहउ[13] अब्भत्थिउ।
हरि तुहुं पुण्णवंतु जं इच्छहि तं जि होइ णियसत्ति[14] णियच्छहि।

घत्ता—यादवनाथ ने उस सागर-तट पर अपने शिविर ठहरा दिये। भूषणों की दीप्ति से विशाल वह ऐसे लगते थे, जैसे तारागण आकर ठहर गये हों।

(9)

रथ और तुरंग तथा जिनसे पर्याणों का भार उतार लिया गया है ऐसे महागज ठहरा दिये गये। कितने ही गज खम्भों से बाँध दिये गये। कितने ही गज अपनी सूँड़ों से धूल उड़ा रहे थे। कोई गज अपने राजा के लिए सन्ताप देनेवाले सूर्य के स्वजन कमलों को उखाड़ रहे थे। किसी ने कीचड़ अपने शरीर पर डाल ली, मानो शीतल कीचड़ का विलेपन उसके शरीर पर स्थित हो। मदजल की बूँदोंरूपी चन्द्रिका से जल चित्रित दिखाई देता है और कानन ऐसा दिखाई देता है, जैसे उसके द्रुमदल चूर-चूर हो गये हों। अश्वों के लगाम और मणियों के जीन तथा भटों के शरीरों से विविध कवच उतार दिये गये। रंग-बिरंगे तम्बू तान दिये गये, जो तपस्वियों के कुल के समान थान पर बँधे (स्थाणु-खूँटा, स्थान से बँधे हुए) थे, जो सुधर्म के फल की तरह गुणों (डोरी, दयादि गुणों) से प्रसारित थे, जो चंचल पताकाएँ बाँधकर मानो फैला दिये गये थे। वहाँ रहते हुए और उस दुर्गम प्रदेश को देखते हुए उनके कई दिन बीत गये। दूसरे एक दिन उन्होंने मन्त्रणा की याचना की। गुरुजन ने माधव से अभ्यर्थना की—

"हे हरि ! तुम पुण्यवान हो, जो चाहते हो वही होगा। अपनी शक्ति-सामर्थ्य को देखें। तुम ऐसा करो

---

13. S सिमिरु।

(9) 1. B °योत्तारिय°। 2. S खंभ°। 3. A के वि करहाहिय वसह वि भूरिभारया; BPS कराहिय°। 4. AP णिव°। 5. APS केहिं मि। 6. AP सीयलु णाइं विलेवणु घित्तउं। 7. B विलेमणु। 8. A °चंदिय°। 9. AP चूरिय°। 10. B °भंग। 11. A मंडव°। 12. APS पवेसु। 13. S माहवु। 14. A णियसंति।

तिह करि जिह रयणायरपाणिउं[15]   देइ मग्गु मयरोहरमाणिउं।
णिरसणु अट्ठ दियह मलणासणि   ता रक्खसरिउ थिउ दब्भासणि।
णइगमु अमरु णिसिहि संपत्तउ   हरिवेसें हरि तेण पवुत्तउ।
घत्ता—आउ जिणिंदु णवेवि जणियतायजयतुट्ठिहि[16]।
माहव[17] चिंतहि काइं चडु महु तणियहि[18] पुट्ठिहि ॥9॥

(10)

दुवई—ता हय गमणभेरि कउ कलयलु लंघियदसदिसामरे।
मणिपल्लाणपट्टचलचामरि[1] चडिउ उविंदु हयवरे ॥छ॥
चवलतुरंगतरंगणिरंतरि[2]   तुरउ पइट्ठु समुद्दब्भंतरि।
हरिवरगइमज्जायइ धरियउं   पाणिउं बिहिं भाइहिं[3] ओसरिउं।
तहु अण्णुमग्गें साहणु चल्लिउं   हयढक्काएवहरिसरसोल्लिउं[4]।
थियउं सेण्णु सुरणिम्मिइ गयमलि   वेसादप्पणसंणिहि महियलि।
भवसंसरणदुक्खदुक्खियहरि[5]   बावीसमु समुद्दविजयहु घरि।
तित्थंकरु सिवदेविहि होसइ   छम्मासहिं सुरणाहु पघोसइ।
एयहं दोहिं मि पंकयणेत्तहं   वणि णिवसंतहं वहुवरइत्तहं।
जक्खराय तुहुं[6] करि पुरु भल्लउं   चित्तजयंतिपंतिसोहिल्लउं।

कि जिससे मत्स्यों से मान्य समुद्र का जल रास्ता दे दे। तब राक्षसों के शत्रु हरि, पापनाशक दर्भासन पर आठ दिन तक निराहार बैठे। रात्रि में निगम नाम का अमर आया और अश्व के रूप में वह हरि से बोला—

घत्ता—जिनेन्द्र को नमस्कार करके आओ और पीड़ित विश्व को सन्तुष्ट करनेवाली मेरी पीठ पर चढ़ जाओ। हे हरि, तुम चिन्ता क्यों करते हो।

(10)

तब युद्ध के नगाड़े बजा दिये गये, कोलाहल होने लगा, मणिमय पर्याण-पट्ट और चंचल चामरों से युक्त, दसों दिशाओं को लाँघनेवाले अश्व पर उपेन्द्र (हरि) आरूढ़ हो गये। चंचल तुरंग की तरह तुंग तरंगों से परिपूर्ण समुद्र के भीतर अश्व चला। अश्ववर की गति की मर्यादा से गृहीत उसका पानी दो भागों में हट गया। उसके (अश्व के) पीछे-पीछे सेना चल दी, बजते हुए नगाड़ों के शब्दों और हर्ष-ध्वनियों से रसार्द्र, देवों से निर्मित, मल से रहित, वेश्या के दर्पण के समान स्वच्छ महीतल पर सेना ठहर गयी। देवेन्द्र घोषित करता है कि संसार के भ्रमण के दुःख से दुःखितों को धारण करनेवाले समुद्रविजय के घर में शिवादेवी से छह माह में बाईसवें तीर्थंकर होंगे। अतः हे कुबेर ! तुम वन में निवास करनेवाले कमलनयन इन दोनों बन्धुवरों के लिए चित्रित ध्वजपंक्तियों से शोभित एक सुन्दर नगर की रचना कर दो।

15. AP °यरवाणिउं। 16. AP जणियजयत्तयतुट्ठिहे। 17. K माहउ। 18. B तणिहिं।
(10) 1. P °पट्टे। 2. A चंचलु तुरउ तरंग°; P चलतरंगरंगंतणिरंतरि। 3. APS भायाहिं। 4. P °ढक्काएए हरिस°। 5. A °दुक्खिय°। 6. AP करि तुहुं।

घत्ता—झत्ति पसाउ भणेवि गउ पेसिउ सहसक्खें।
पुरि परिहाजलदुग्ग कय दारावइ जक्खें ॥10॥

(11)

दुवई—कच्छारामसीमणंदणवणफुल्लियफलियतरुवरा।
सोहइ[1] पंचवण्णचलचिंधहिं दूरोरुद्धरवियरा ॥छ॥

धरइं सत्तभउमइं[2] मणिरंगइं रयणसिहरपरिहट्टपयंगइं।
पंगणाइं[3] माणिक्कणिबद्धइं तोरणाइं मरगयदलणिद्धइं।
जलइं सकमलइं थलइं ससासइं माणुसाइं पालियपरिहासइं।
कुंकुमपंकु[4] धूलि कप्पूरें पउ धुप्पइ ससिकंतहु[5] णीरें।
महुयर रुणुरुणंति महु थिप्पइ परहुय[6] वासइ पूसउ कुप्पइ।
कह कहंतु जायउ रसु खंचइ कलमकणिसु एमेव विलुंचइ।
कुसुमरेणु पिंगलु णहि[7] दीसइ कालायरुधूमउ दिस भूसइ।
बेण्णि वि णं संझाघण णवघण जहिं दुहु णउ मुणंति णायरजण।
जहिं जिणहरइं वरइं रमणीयइं वीणावंसविलासिणिगेयइं[8]।

घत्ता—तहिं[9] सभवणि सुत्ताए रयणिहि दुक्कियहारिणि।
दिट्ठी सिविणयपंति सिवदेविइ सिवकारिणि ॥11॥

घत्ता—देवेन्द्र द्वारा प्रेषित कुबेर 'जो प्रसाद' यह कहकर शीघ्र गया और उसने परिखा तथा जलदुर्ग से युक्त द्वारावती की रचना कर दी।

(11)

गृहवाटिकाओं, उद्यानों, सीमाओं, नन्दनवनों और फूले-फले तरुवरों से युक्त और रविकिरणों को दूर से रोक देनेवाली वह नगरी पचरंगी चंचल ध्वजों से शोभित है। उसमें सातभूमियों, मणिमण्डपों और रत्नशिखरों से सूर्य को घर्षित करनेवाले घर हैं। माणिक्यों से विरचित प्रांगण हैं। मरकतदल से रचित तोरण हैं। कमलों सहित जल और धान्यों सहित स्थल हैं। परिहास करनेवाले मनुष्य हैं। जहाँ केशर की कीचड़ है और कपूर की धूल है, जहाँ चन्दकान्त मणि के जल से पैर धोये जाते हैं। भ्रमर गुनगुनाते हैं, मधु झरता है। कोयल शब्द करती है, तोता क्रोध करता है, कथा कहते-कहते रस में मग्न हो जाता है, और धान्य के कणों को यों ही लोंचता है। पीली कुसुमधूल आकाश में दिखाई देती है। कालागुरु का धुआँ दिशाओं को शोभित करता है। दोनों (पुष्परज और अगुरुधूम) ऐसे लगते हैं, मानो सन्ध्यावन और नवघन हों। जहाँ नागरजनों को किसी प्रकार का दुःख नहीं है, जहाँ विशाल और रमणीय जिनमन्दिर हैं, वीणा, बाँसुरी और विलासिनियों के गीत हैं,

घत्ता—ऐसी उस नगरी में अपने भवन में रात्रि में सोती हुई शिवादेवी ने पापों का हरण करनेवाली कल्याणमयी स्वप्न-पंक्ति देखी।

---

(11) 1. B सोहिय। 2. P °भोमइं। 3. B पंगणाइं। 4. P °पंक°। 5. A ससियंतहो। 6. BS परहुव। 7. AP णहु। 8. P °गीयइं। 9. AB तहिं जि भवणि।

(12)

दुवई—वियलियदाणसलिलचलधारासित्तकओलमूलओ[1]।
पसरियकण्णतालमंदाणिलघोलिरभसलमेलओ ॥छ॥

दिट्ठउ मत्तउ णयणसुहावउ[2] संमुहुं एंतउ करि अइरावउ[3]।
कामधेणुकीलारसलीणउ विसु ईसाणविसिंदसमाणउ।
रायसीहु उल्लंघियदरिगिरि सिरि पुणु[4] दिट्ठी णं तिहुयणसिरि।
झुल्लंतउं णहि भमरझुणिल्लउं सुरतरुकुसुमदामजुयलुल्लउं।
सारयससहरु[5] जोण्हइ जुट्ठउ[6] हेमंतागमदिणयरु[7] . दिट्ठउ।
मीण झसंकझसा इव रइधर[8] गंगासिंधुकलस मंगलधर।
सरु माणसु समुद्दु खीरालउ मयरमच्छकच्छवरावालउ[9]।
सेहीरासणु[10] जणमणमोहणु इंदविमाणु फणिंदणिहेलणु।
रयणपुंजु[11] हुयवहु अवलोइउ मुद्धइ सिविणउ पियहु[12] णिवेइउ।

घत्ता—सिविणयफलु जउजेट्ठु[13] कहइ सइहि[14] णिवकेसरि।
होसइ तिहुयणणाहु[15] तुज्झु गब्भि परमेसरि ॥12॥

---

(12)

जिसका कपोल झरती हुई नवजलधारा से सिक्त है, जिस पर फैले हुए ताल के समान कर्ण मन्द पवन से भ्रमर-समूह जैसे घूम रहे हैं, जो नेत्रों को सुहावना लगनेवाला है—ऐसा सामने आता हुआ ऐरावत हाथी देखा। रुद्र के वृषभ (नन्दी) के समान, कामधेनु से क्रीड़ारस में लीन बैल; घाटियों और पहाड़ों को लाँघनेवाला सिंहराज देखा। फिर लक्ष्मी को देखा जो मानो त्रिभुवन की लक्ष्मी हो। भ्रमरों की ध्वनि से युक्त, आकाश में झूलती हुई कल्पवृक्ष के फूलों की दो मालाएँ देखीं। पुनः ज्योत्स्ना से युक्त शरत्काल का चन्द्रमा देखा। हेमन्त के आगमन के साथ दिनकर देखा। रति के स्वामी कामदेव की पलक के समान दो मीन देखे। गंगा-सिन्धु के समान मंगल को धारण करनेवाले कलश देखे। मानसरोवर, क्षीरसमुद्र, मगर-मत्स्य एवं कछुओं के शब्दों से युक्त समुद्र देखा। जनमन के लिए सुन्दर सिंहासन, इन्द्र का विमान, नाग-लोक, रत्न-समूह और अग्नि देखी। उस मुग्धा ने ये स्वप्न अपने प्रिय को बताये।

घत्ता—यादवों में सबसे जेठा नृपसिंह समुद्रविजय उस सती को स्वप्नफल बताता है—हे परमेश्वरी ! तुम्हारे गर्भ से त्रिभुवन-स्वामी होगा।

---

(12) 1. PS °कवोल° । 2. B °सुहायइ । 3. B अइरावइ । 4. B पुण । 5. S सायरसस° । 6. AP जुत्तउ । 7. A °दिणयरि दित्तउ; P °दिणयरदित्तओ । 8. A रइयर; P रइथर । 9. B कच्छमच्छव° । 10. B सेरीहासणु । 11. B °पुंज । 12. B पियहि । 13. A जणजेट्ठु; B जउजिट्ठु । 14. AP पियहे । 15. P तिहुयण° ।

(13)

दुवई—हिरिसिरिकित्तिसंतिदिहिबुद्धिहिं[1] देविहिं कित्तिलच्छिहिं।
सेविय रायमहिसि महिसामिणि[2] अहिणवपंकयच्छिहिं ॥छ॥

सक्कणिओइयाहिं पणवंतिहिं अवराहिं[3] मि उवयरणइं देंतिहिं।
तहिं पहुपंगणि[4] पउरंदरियइ आणइ पउरपुण्णपरिचरियइ[5]।
मणिमयमउडपसाहियमत्थउ पुव्वमेव णिहिकलसविहत्थउ।
उडुमाणाइं तिण्णि पविउड्डउ[6] धणयमेहु धणधारहिं वुड्डउ।
कत्तियसुक्खपक्खि छट्ठइ[7] दिणि उत्तरआसाढइ मयलंछणि।
देउ जयंतु[8] णाणसंपण्णउ[9] गयरूवेण गब्भि अवइण्णउ।
आय देव देवाहिव दाणव वंदिवि भावें सफणि समाणव।
पुज्जिवि जिणपियराइं महुच्छवि णच्चिय पवियंभियभंभारवि।
णवमासावसाणकयमेरें[10] पुणु वसुपाउसु विहिउ कुबेरें।
पंचलक्खवरिसइं[11] णरसंकरि संजायइ णमिणाहजिणंतरि।
सावणमासि समुग्गइ ससहरि पुण्णजोइ[12] पुव्वुत्तइ वासरि।
तक्कालंतजीवि णिम्मलमणु जणणिइ जणिउ देउ सामलतणु।

---

(13)

ह्री, श्री, कान्ति, शान्ति, धृति, बुद्धि, कीर्ति और लक्ष्मी (अभिनव कमल के समान आँखोंवाली) देवियों ने ही स्वामिनी राजरानी की सेवा की। देवेन्द्र के द्वारा नियोजित और प्रणाम करती हुई और दूसरी देवियों ने भी उपकरण देते हुए (सेवा की)। उस राजा के प्रांगण में इन्द्र के प्रचुर पुण्य से युक्त आज्ञा से, जिसका मस्तक मणिमय मुकुटों से प्रसाधित है और जिसके हाथ में पहले से ही निधियों के कलश हैं, ऐसा कुबेर छह माह तक धनरूपी धाराओं को बरसाता रहा।

कार्तिक शुक्ल पक्ष छठी के दिन, चन्द्रमा के उत्तर आसाढ़ नक्षत्र में स्थित होने पर, ज्ञान से सम्पूर्ण जयन्त स्वर्ग से देव गजरूप से गर्भ में अवतीर्ण हुआ। तब देव-देवाधिप, दानव, नाग और मनुष्य आये और भावपूर्वक वन्दना कर जिन भगवान् के माता-पिता की पूजा कर, जिसमें भम्भा (वाद्य विशेष) का शब्द बढ़ रहा है ऐसे महोत्सव में उन्होंने नृत्य किया। नौ माह पर्यन्त की अवधि में कुबेर ने फिर से धनवृष्टि की। नमिनाथ जिन के जन्म के पश्चात् मानव-परम्परा में पाँच लाख वर्ष बीतने पर सावन माह में चन्द्रमा के उदय होने पर (शुक्ल पक्ष में) ब्रह्मयोग में छठी के दिन उस काल के अन्त में जीनेवाले (अर्थात् एक हजार वर्ष जीनेवाले) निर्मल-मन, श्यामल-शरीर देव (जिनदेव) को माता ने जन्म दिया।

---

(13) 1. S दिहिं। 2. A सासामिणि; P तियसामिणि; 3. A अमराहिवउवयरणइं देंतिहिं। 4. AP °पंगणि। 5. APS परियरियइ। 6. AP परिउड्डउ; S परितुट्ठउ। 7. P छट्ठहि। 8. P जयंत। 9. B माणु। 10. B मेरं। 11. P °वरिसहं। 12. B पुण्णु।

घत्ता—उप्पण्णे[13] जिणणाहे सग्गि सुरिंदहु आसणु।
कंपइ ससहावेण कहइ व देवहु[14] पेसणु ॥13॥

(14)

दुवई—घंटाझुणिविउद्ध कप्पामर हरिसवसेण[1] पेल्लिया।
जोइस हरिरवेहिं वेंतर पडुपडहरवेहिं[2] चल्लिया ॥छ॥

भावण संखणिणायहिं णिग्गय गयणि ण माइय कत्थइ हय गय।
सिवियाजाणहिं विविहविमाणहिं उल्लोवेहिं दियंतपमाणहिं।
मोरकीरकारंडहिं चासहिं फणिमंजारमरालहिं[3] मेसहिं।
करिदसणाहयणीलवराहिं आया सुरवर सहुं सुरणाहिं।
दारावइ पइट्ठ[4] परियंचिवि मायाडिंभें मायरि वंचिवि।
जय परमेट्ठि परम पभणंतिइ उच्चाइउ जिणु सुरवइपत्तिइ[5]।
पाणिपोमि[6] भसलु व आसीणउ इंदहु दिण्णउ तिहुयणराणउ[7]।
अणिमिसणयणहिं सुइरु णियच्छिउ कयपंजलिणा तेण पडिच्छिउ।
अंकि णिहिउ कंचणवण्णुज्जलि हरिणीलु व सोहइ मंदरयलि।

घत्ता—ईसाणिंदें[8] छत्तु देवहु उप्परि धरियउं।
सोहइ अहिणवमेहि[9] ससिबिंबु व विप्फुरियउं ॥4॥

घत्ता—जिननाथ के जन्म लेने पर स्वर्ग में स्वभाव से देवेन्द्र का आसन काँपता है और वह देवों को आज्ञा देता है।

(14)

घण्टों की ध्वनियों से प्रबुद्ध कल्पवासी देव हर्ष के कारण प्रेरित हो उठे। ज्योतिष देव सिंहनादों से तथा पटुपटह के शब्दों से छह व्यन्तर देव चल पड़े। भवनवासी देव शंख-निनादों के साथ निकले। हाथी और घोड़े आकाश में कहीं भी नहीं समा सके। शिविका, यानों, विविध विमानों, दिगन्त प्रमाणवाले चँदोवों, मोरों, तोतों, कारण्डों, चातकों, साँपों, बिलावों, हंसों, मेढ़ों, हाथियों के दाँतों से प्रताड़ित नीले मेघों और इन्द्र के साथ सुरवर आये। तीन प्रदिक्षणा देकर वे द्वारावती में प्रविष्ट हुए। मायावी बालक से माता को प्रवंचित कर तथा 'परम परमेष्ठी की जय हो' यह कहते हुए, देवियों की कतार ने जिनवर को उठा लिया। करकमल में भ्रमर की तरह बैठे हुए त्रिभुवननाथ को उसने इन्द्र के लिए दे दिया। वह अपने अपलक नेत्रों से बहुत समय तक देखता रहा और फिर हाथ जोड़कर उसने उन्हें ले लिया। स्वर्ण-रंग के समान उज्ज्वल गोद में रखे हुए जिन ऐसे शोभित हैं, जैसे मन्दराचल पर इन्द्रनीलमणि हो।

घत्ता—ईशानेन्द्र ने देव के ऊपर छत्र धारण किया, जो अभिनव मेघ में चमकते हुए चन्द्रबिम्ब के समान प्रतीत हो रहा था।

13. S उप्पण्णेहि। 14. A दइवहो; S दइवहो।

(14) 1. P हरिसवसेण। 2. APS पडहसरेहिं। 3. APS °मज्जार°। 4. B पयट्ठ। 5. S सुरवर°। 6. AP पाणिपोम°। 7. AP तिहुवण°। 8. P ईसाणदें। 9. B °मेहें।

(15)

दुवई—मंगलतूरवीरघोसें महिहरभित्तिवियारणो[1]।
चरणंगुट्ठएहिं[2] संचोइउ सुरवइणा सवारणो ॥छ॥

तारायणगहपंतिउ लंघिवि सुरगिरिसिहरु झत्ति आसंघिवि।
दसदिसिवहिं[3] धाइयजोण्हाजलि[4] अद्धचंदसंकासि सिलायलि।
णच्चियसुररामारसणासणि णिहिउ सुणासीरें सिंहासणि[5]।
णाहणाहु परमक्खरमंतें सायारें हविंदुरेहंतें।
इंदजलणजमणेरियवरुणहं पवणकुबेररुद्दहिमकिरणहं।
पडिवत्तीइ दिणेसफणीसहं[6] अण्णभाउ ढोइवि णीसेसहं।
पंडुरेहिं णिज्जियणीहारहिं कलसहिं वयणविणिग्गयखीरहिं।
णं कित्तीथणेहिं[7] पयलंतहिं णं संसारमलिणु णिहणंतहिं।
णावइ रइरसतिस णिरसंतहिं णं अट्ठारहदोस धुयंतहिं।
सित्तउ देवदेउ[8] देविंदहिं गज्जंतहिं सिहरि व णवकंदहिं।

घत्ता—इंदें जिणणिहियाइं पुप्फइं तंतुयबद्धइं[9]।
णं वम्महकंडाइं[10] आयमसुत्तणिबद्धइं ॥15॥

---

(15)

मंगल तूर्य, वाद्य और वीरतापूर्ण शब्दों के साथ, इन्द्र ने अपने पैरों के अँगूठे से महीधर भित्तियों को विदारण करनेवाले अपने हाथी ऐरावत को प्रेरित किया। तारागणों और ग्रहों की कतारों को लाँघते हुए वह शीघ्र ही सुमेरु पर्वत के शिखर पर पहुँच गया। जिसका ज्योत्स्नारूपी जल दशों दिशापथों में दौड़ रहा है, ऐसे अर्धचन्द्र के समान शिलातल पर नाचती हुई देवांगनाओं की करधनियों के शब्दों से युक्त सिंहासन पर इन्द्र ने, 'ओं स्वाहा' इस साकार परमाक्षर मन्त्र के साथ, उन्हें स्थापित कर दिया। इन्द्र, अग्नि, यम, नैऋत्य, वरुण, पवन, कुबेर, रुद्र और चन्द्रमा, दिनेश और नागेश सभी देवों को आदर के साथ, आदर देकर, हिमकणों को पराजित करनेवाले जिनके मुख से सफेद दूध निकल रहा है, ऐसे कलशों के द्वारा देवदेव का अभिषेक किया, मानो प्रगलित कीर्तिस्तनों से संसार की मलिनता को नष्ट करते हुए, मानो रतिरस की तृष्णा का निरसन करते हुए, मानो अठारह दोषों को धोते हुए, देवेन्द्र ने इस प्रकार अभिषेक किया मानो गरजते हुए नवमेघों ने पर्वत का अभिषेक किया हो।

घत्ता—धागे से बँधे हुए, जिन पर रखे हुए पुष्प ऐसे प्रतीत हो रहे थे, मानो कामदेव के तीरों को आगम सूत्रों ने बाँध दिया हो।

---

(15) 1. A °दारुणो। 2. PS °गुट्ठएण। 3. AS °यह°। 4. AP °पसारियजोण्हा°। 5. HP सीहासणि। 6. P °फणीसहं। 7. B कंतीथणेहिं; P कित्तीथणेहिं। 8. S देवदेवु। 9. P तंतुहिं बद्धइं। 10. P °कुंडाइं।

(16)

दुवई—हरिणा कुंकुमेण पविलित्तउ छज्जइ णाहदेहओ।
संझारायएण पिहियंगउ णावइ कालमेहओ ॥छ॥

णिवसणु काइं[1] तासु वण्णिज्जइ जो णिग्गंथभाउ[2] पडिवज्जइ।
सहइ हारु वच्छयलि[3] णिलंबिरु णं अंजणगिरिवरु[4] सरणिज्झरु।
कुंडलाइं रयणावलितंबइं कण्णालग्गइं णं रविबिंबइं।
भणु कंकणहिं कवण किर उण्णइ भुयबंधणाइं व मुणिवइ वण्णइ।
पहु मेल्लेसइ अम्हइं जोएं पयणेउरइं कणंति व सोएं।
सयमहु जाणइ जिणहु ण रुच्चइ भूसणु सो परिहइ जो णच्चइ।
लोयायारें सव्वु समारिउं तियसिंदें[5] थुइवयणु उईरिउं[6]।
णाणासद्दमहामणिखाणिइ पुणु लज्जिउ वण्णंतु सवाणिइ[7]।
तुच्छइ जिणगुणपारु ण पेक्खइ[8] अण्णु जहण्णु[9] मुक्खु किं अक्खइ।

घत्ता—अमर मुणिंद थुणंतु बाल वि बुद्धिइ कोमल[10]।
तो सव्वहं फलु एक्कु जइ मणि भत्ति सुणिम्मल ॥16॥

(16)

इन्द्र के द्वारा केशर से लिप्त स्वामी की देह ऐसी शोभा दे रही थी, जैसे सन्ध्याराग से कालमेघ ढक दिया गया हो। उसके वस्त्रों का क्या वर्णन किया जाय जो निर्ग्रन्थ भाव को स्वीकार करते हैं। वक्षःस्थल पर लटकता हुआ हार शोभित था मानो जल के निर्झर से सहित अंजन पर्वत हो। रत्नावलि से ताम्र कुण्डल ऐसे जान पड़ते थे मानो सूर्य के प्रतिबिम्ब कान से आ लगे हों। बताओ, कंगनों की क्या उन्नति हो ? मुनिवर उसे बाहु के बन्धन के समान बताते हैं। पैरों के नुपूर मानो शोक से कण-कण ध्वनित होते हुए यह कह रहे थे कि स्वामी योग लेकर मुझे छोड़ देंगे। इन्द्र जानता है कि स्वामी को आभूषण अच्छे नहीं लगते। भूषण वह पहिनता है जो नाचता है, परन्तु लोकाचार से उन्होंने सब कुछ किया। देवेन्द्र ने स्तुति वचन शुरू किये,

"नाना शब्द रूपी महामणियों की खान अपनी वाणी के द्वारा आपका वर्णन करते हुए, मैं पुनः लज्जित हूँ। तुच्छ व्यक्ति जिनवर के गुणों के पार को नहीं देख सकता, दूसरा निकृष्ट मूर्ख क्या कहे ?

घत्ता—यदि अमर मुनीन्द्र और बुद्धि से कोमल बालक की स्तुति करता है तो सबका फल एक है; यदि मन में निर्मल भक्ति हो।

(16) 1. A तासु काइं। 2. S °भाउ। 3. S वच्छयल°। 4. A गिरिवरं 5. P तियसेंदें। 6. B समीरिउ। P सयाणिउ। 8. PS पेच्छइ। 9. S जघण्णु। 10. A कोमल।

(17)

दुवई—दहिअक्खयसुणीलदूवंकुरसेसासीहिं[1] णंदिओ।
धम्ममहारहस्स गइगुणयरु णेमि सद्दिओ ॥छ॥
पुणु दारावइपुरु[2] आवेप्पिणु[3] [4]सुद्धभाउ[5] भावें भावेप्पिणु[6]।
[7]तियरण[8]सुविसुद्धिइ[9] पणवेप्पिणु जिणु जणणीउच्छंगिथवेप्पिणु।
णच्चइ सुरवइ दससयलोयणु [10]दहसयवद्धपहसियपवराणणु[11]।
दिसिविदिसिपसरियचलदससयकरु डोल्लइ णहयलु सरवि ससहरु।
महि हल्लइ विसु मेल्लइ विसहरु[12]।
दिण्णुद्दंडवाउ[13] णहि णज्जइ पायंगुट्ठणक्खु ससि छज्जइ।
चलइ जलहि धरणीयलु रेल्लइ लीलइ बाहुदंडु जहिं घल्लइ।
तहिं कुलमहिहरणियरु[14] विसट्टइ विप्फुरंति तारावलि तुट्टइ।
णच्चिवि[15] एम सरसु आणंदें वंदिवि जिणु[16] सहुं सुरवरवंदें[17]।
गउ सोहम्मराउ सोहम्महु पुरवरि णाहहु पालियधम्महु।
णिवसंतहु वउ णिरुवमरूवउं[18] दहधणुदंडपमाणु[19] पहूयउं।
णवजोव्वणु सिरिहरु णित्तामसु सामिउ[20] एक्कु सहसवरिसाउसु।

(17)

दही, अक्षत, अत्यन्त हरे दूर्वादल, शेषपुष्पों और आशीर्वादों से हर्षित तथा धर्मरूपी महारथ की गति को सम्भव करनेवाले उन्हें 'नेमि' (आरा) कहकर पुकारा गया। फिर द्वारावती नगरी में लाकर, भाव से शुद्धभाव का ध्यान कर, तीन प्रकार की विशुद्धियों से प्रणाम कर, जिन बालक को माता की गोद में स्थापित कर, अपने पाँच सौ मुखों से हँसता हुआ, दिशा-विदिशाओं में अपने हजार करों को फैलाता हुआ सहस्रनयन देवेन्द्र नृत्य करता है। आकाश सूर्य और चन्द्रमा के साथ डोल उठता है। धरती हिल जाती है, विषधर विष उगलने लगता है, आकाश में उद्दण्ड वायु जान पड़ती है। पैरों के अँगूठे के नख में चन्द्रमा शोभित है, समुद्र चलायमान है, धरणीतल प्रवाहित है। लीलापूर्वक वह बाहुदण्ड जहाँ फेंकता है, वहाँ कुलमहीधरों का समूह नष्ट हो जाता है, चमकती हुई तारावलि टूटने लगती है। इस प्रकार आनन्द के साथ सरस नृत्य कर और सुरवर-समूह के साथ जिनदेव की वन्दना कर, सौधर्मराज अपने सौधर्म स्वर्ग चला गया। धर्म का परिपालन करते हुए, नगरी में निवास करते हुए उनकी वय, अनुपम रूप और शरीर दस धनुष प्रमाण हो गया। लक्ष्मी का धारक नवयौवन, अदैन्य स्वामित्व, एक हजार वर्ष आयु,

(17) 1. S °दुव्वंकुर° । 2. ABPS °पुरि । 3. BS आणेप्पिणु । 4. AP read 3 *b* as 4 *a*. 5. S °भाव । 6. B पणवेप्पिणु । 7. AP read 4 *a* as 3 *b*. 8. AB तिरयण°; K तिरयण in second hand but gloss त्रिकरण । 9. AB सुविसुद्धिं; P सुद्धबुद्धि । 10. AHP दस° । 11. A सहसअद्ध° । 12. B adds तंतीघडलआइमहुरसरु । 13. A दिण्णदंडपाउ वि णहि; P ओड्डंड° । 14. AB °सिहरु । 15. B णच्चवि । 16. P जिणयरु सहुं सुरविंदें । 17. PS सुरविंदें । 18. B णिरुपम° । 19. S पवाणु । 20. A सामिउ एक्कु वरिसु सहसाउसु; P सामिउ सहसु एक्कु वरिसाउसु ।

घत्ता—थिउ भुंजंतु सुहाइं णेमि सबंधवसंजुउ।
भरहसरोरुहसूरु पुप्फदंतगणसंथुउ ॥17॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाकइपुप्फयंतविरइए
महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकव्वे णेमितित्थकरउप्पत्ती[21] णाम
सत्तासीतिमो[22] परिच्छेउ समत्तो।

घत्ता—और सुखों का भोग करते हुए अपने भाइयों से युक्त नेमि, भरतरूपी कमल के सूर्य थे, और नक्षत्रों के द्वारा संस्तुत थे।

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषों के गुणों और अलंकारों से युक्त महापुराण में महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और
महाभव्य भरत द्वारा अनुमत इस महाकाव्य का नेमि-तीर्थंकर-उत्पत्ति नामक
सत्तासीवाँ परिच्छेद समाप्त हुआ।

21. A °तित्थंकर°; S तित्थयर°। 22. P सत्तासीमो; S सत्तासीतितमो।

अट्ठासीतिमो संधि

धणुगुणमुक्कविसक्कसरु[1] ओरुद्धदिवायरकरपसरु[2] ।
णं वणकरि करिहि[3] समावडिउ जरसिंधहु[4] रणि मुरारि भिडिउ ॥ध्रुवकं॥

(1)

दुवई—सउरीपुरि विमुक्कि[5] जउणाहें मउलियसयणवत्तए।
णिवसुइ कालजमणि कुलदेवयमायावसणियत्तए[7] ॥छ॥

गज्जिइ[8] हरिपयाणभेरीरवि खंचिइ अमरिसविसरइ णवि[9] णवि।
पंथि पउरि[10] कप्पूरें वासिइ करिघंटाटंकारवविलासिइ[11] ।
[12]दसदिसिवहमयणिवहि[13] पणासिइ[14] सायरतीरि सेण्णि आवासिइ।
पिसिइ[15] मंति[16] महंति अणुट्ठिइ णारायणि कुससयणि परिट्ठिइ।
आवाहिइ[17] मणहरसुरहयवरि[18] दोहाईहूयइ रयणायरि।
लद्धइ मग्गि विणिग्गय[19] हरिबलि पुणरवि चलियमिलियजलणिहिजलि[20] ।

अठासीवीं सन्धि

धनुष की डोरी के साथ जिसने बाण और हुंकार शब्द छोड़ा है, जिसने सूर्य की किरणों का प्रसार अवरुद्ध कर लिया है, ऐसा मुरारी युद्ध में जरासन्ध से भिड़ गया, मानो वनगज वनगज से भिड़ गया हो।

(1)

शौरीपुर के नष्ट होने पर, यदुनाथ अर्थात् कृष्ण द्वारा स्वजनों का समाचार छिपा लेने पर, तथा उसकी कुलदेवता की माया के वशीभूत हो जाने पर, राजपुत्र कालयवन लौट गया। हरि के प्रस्थान की भेरी बजने पर, क्रोध का नया-नया वेग उत्पन्न होने पर, मार्ग के प्रचुर कपूर से सुवासित होने पर, हाथियों के घण्टों के टंकारव के विलसित होने पर, दशों दिशापथों में मृग-समूह के भाग जाने पर, सागर-तीर पर सेना के ठहरने पर, बड़े चाचा के मन्त्र का अनुष्ठान करने पर, नारायण (श्रीकृष्ण) के कुशासन पर स्थित होने पर, नैगमदेव रूपी अश्व के आने पर, समुद्र के दो भागों में स्थित होने पर, मार्ग मिलते ही हरि-सेना के चलने

P has, at the beginning of this Samdhi, the following stanza :-
बम्भण्डाखण्डलखोणिमण्डलुच्छलियकित्तिपसरस्स ।
खण्डस्स समं समसीसियाइ कइणो ण लज्जन्ति ॥1॥
This stanza occurs at the beginning of XXXII for which see Vol. I. ABKS do not give it at all.

(1) 1. PS. °मुक्कपिसक्क° । 2. ABP रुद्ध°; KS औरुद्ध । 3. P °करिहो; S °करिहे । 4. PS जरसंधहो । 5. A विक्कयु । 6. A मउलियइ; P मिलियए । 7. BK माय° । 8. B गज्जिय° । 9. B णवणवि । 10. A पवर°; PS पउर° । 11. AP °टंकारए । 12. P °दिसियहे । 13. B °णिवह° । 14. S पयासिए । 15. B पित्तए; P पिलिय°; S पितुपयंते; Als. पितृयमंते against Mss. 16. B मंत । 17. BP आवाहिय° । 18. B सुरयरहरि । 19. B विणिग्गय । 20. B चलिए मलिए, P वलिय मिलिय; Als. चलिए मिलिए against Mss.

जिणपुण्णाणिलकंपियसयमहि[21] रयणकिरणमंजरिपिंजरणहि।
बारहजोयणाइं वित्थिण्णइ रइयइ णयरि रिद्धिसंपण्णइ।
घत्ता—संगामदिक्खसिक्खाकुसलि वसुएवचरणसररुहभसलि[22]।
असुरिंदमहाभडमयमहणि सिरिरमणीलंपडि महुमहणि ॥1॥

(2)

दुवई—[1]दीहरकंसविडविउम्मूलणगयवरगरुयसाहसे[2]।
थिय[3] सुहिसीरिविहियआणाविहिकयणयभयपरव्वसे[4] ॥छ॥
उप्पण्णइ सामिइ णेमीसरि तवहुयवहमुहहुयवम्मीसरि।
कालि गलंतइ[5] पइहि णिरंतरि एत्तहि रायगिहंकइ पुरवरि।
मगहाहिउ[6] अत्थाणि बइट्ठउ केण वि वणिणम पणविवि दिट्ठउ।
ढोइयाइं रयणाइं विचित्तइं तासु तेण करि णिहिय पवित्तइं।
सपसाएण वयणु जोएप्पिणु पुच्छिउ राएं सो विहसेप्पिणु।
कहिं लद्धइं माणिक्कइं दिव्वइं मलपरिचत्तइं णावइ भव्वइं।
भणइ सेट्ठि हउं गउ वाणिज्जहि पत्थिव दविणावज्जणविज्जहि[7]।
दुव्वाएं[8] जलजाणु ण भग्गउं जाइवि कत्थ पुरवरि[9] लग्गउं।

पर, समुद्र के भंग हुए जल के फिर से मिल जाने पर, जिनदेव के पुण्यरूपी पवन से इन्द्र के काँप उठने पर, रत्नों की किरणमंजरी से आकाश के पीला होने पर, बारह योजन विस्तृत और ऋद्धि से सम्पन्न नगर की रचना होने पर,

घत्ता--संग्राम की शिक्षा और दीक्षा में कुशल, वसुदेव के चरणरूपी कमलों के भ्रमर, असुरेन्द्ररूपी महाभटों के मद को चूर करनेवाले, लक्ष्मीरूपी रमणी के लिए लम्पट,

(2)

कंसरूपी विशाल वृक्ष के उन्मूलन के लिए गजवर के समान महान् साहसवाले श्रीकृष्ण के सुधी बलभद्र द्वारा की गयी आज्ञाविधि के कारण नीतिभय के अधीन रहने पर, तपरूपी आग के मुख में कामदेव को आहत करनेवाले नेमीश्वर स्वामी के उत्पन्न होने पर, जब प्रजा निरन्तर अपना समय बिता रही थी, तब यहाँ राजगृह नगर में मगधराज दरबार में आसन पर बैठा था। तभी एक वणिक् ने प्रणाम कर उससे भेंट की। लाये हुए बहुत-से पवित्र रत्नों को उसने उनके हाथ पर रख दिया। प्रसादपूर्वक उसका मुख देखते हुए राजा ने उससे हँसकर पूछा—ये माणिक्य-धन कहाँ पाया ? मल से रहित ये ऐसे लगते हैं मानो भव्य हों ? सेठ बोला--हे राजन् ! द्रव्य कमाने की वाणिज्य विद्या के लिए मैं गया था। दुर्वात से किसी प्रकार

---

21. Als. °कंपिए। 22. B सरोरुह°।

(2) 1. P °उम्मूलणे। 2. S °गरुव°। 3. Als. थिए against Mss. 4. A °णहयपरवसे; BS °णवहय°। 5. P गलंति पइहि। 6. S मगहाहिवु। 7. S दविणायज्जण°। 8. S दुव्वाइं। 9. B पुरि वरि।

मइं पुच्छिउ णरु एक्कु जुवाणउ पुरवरु कवणु एत्थु को राणउ।
कहइ पुरिसु पडिभडदलवट्टणु किं ण मुणहि दारावइ पट्टणु।
किं ण मुणहि बहुपुण्णहं गोयरु राणउ एत्थु देउ दामोयरु।
ता हउं णवरि पइट्ठउ केही मणहारिणि सुरवरपुरि[10] जेही।
घत्ता—तहिं[11] णिवधरु[12] सणिहु मंदरहु अणुहरइ[13] णरिंदु पुरंदरहु।
णर[14] सुर सुतिरच्छणियच्छिरउ[15] णारिउ णावइ अमरच्छरउ ॥2॥

(3)

दुवई—तं पेच्छंतु संतु हउं विंभिउ[1] गेण्हिवि रयणसारयं।
आयउ तुज्झु[2] पासि मगहाहिव पसरियकरवियारयं[3] ॥छ॥
तं णिसुणिवि विहिवंचणढोइउं पहुणा कालजमणमुहुं जोइउं।
मइं जियंति जीवंति ण जायव हुयवहु लग्गु धरंति ण पायव।
कहिं वसंति णियजीविउं लेप्पिणु वणि सियाल सीहहु ल्हिक्केप्पिणु।
हउं जाणउं[4] ते सयल विवण्णा सिहिपइट्ठ[5] पाणभयदण्णा[6]।
णवरज्ज वि जीवंति विवक्खिय णंदगोवभुयबलपरिरक्खिय[7]।
मारमि तेण समउं णीसेस वि फेडमि बलविलासु[8] पसरच्छवि।

मेरा जलयान नष्ट नहीं हुआ, और जाकर किसी प्रकार किसी नगर से जा लगा। मैंने एक युवक से पूछा कि यह कौन-सा नगर है और यहाँ कौन राजा है ? वह बोला—क्या तुम नहीं जानते कि शत्रु-योद्धाओं को नष्ट करनेवाला यह द्वारावती नगर है ? क्या नहीं जानते कि अनेक पुण्यों के द्रष्टा देव दामोदर (कृष्ण) इसके राजा हैं ? तब मैं नगरी में इस प्रकार घुसा, मानो सुन्दर अमरावती हो।

घत्ता—वहाँ सब देखते हुए मैं विस्मय में पड़ गया और अपने किरण-समूह को प्रसारित करनेवाले इन श्रेष्ठ रत्नों को लेकर आपके पास आया हूँ।

(3)

यह सुनकर राजा ने विधि की प्रवंचना को प्राप्त कालयवन के मुख की ओर देखा। वह (कालयवन) बोला—"मेरे जीते-जी यादव लोग जीवित नहीं रह सकते। आग लगने पर पेड़ को नहीं बचाया जा सकता। अपना जीवन लेकर सियार वन में सिंह से छिपकर कहाँ रह सकते हैं ? मैंने समझा था कि वे सब नष्ट हो गये और प्राणों के भय से पीड़ित होकर आग में जल मरे। लेकिन नहीं, आज भी शत्रु जीवित हैं और नन्दगोप के बाहुबल से सुरक्षित हैं। मैं उसके सहित सबको मारूँगा और फैलती हुई कान्तिवाले उसे और सैन्य विलास को नष्ट कर दूँगा।"

---

10. P °पुरे जेही। 11. P ताहें। 12. S णृवधरु। 13. A अणुहवइ। 14. A णयसरभिसिणिणियच्छिरउ। 15. APS तिरिच्छि°; B °तिरच्छि°।
(3) 1. S विंभिउ। 2. S तुज्झ। 3. A °करदिवायरं। 4. P जाणमि। 5. P सिहिहि पइट्ठ। 6. B पाण°। 7. PS पडिरक्खिय।

ता संगामभेरि[9] अप्फालिय गुरुरवेण मेइणि संचालिय।
उट्ठिय जोह कोहदुद्दंसण कंचणकवयविसेसविहूसण।
चावचक्ककोंतासणिभीसण गुलुगुलंति[10] मयमयगलणीसण।
खलकुलदूसण णियकुलभूसण हिलिहिलंत हरिवर बद्धासण।
हक्कारिय दिसिविदिससवासण रुहिरासोसण डाइणिपोसण।
इच्छियजयसिरिकरसंफासण मग्गियअमरविलासिणिदंसण।

घत्ता—रह रहियहिं[11] चोइय हयपवर धाइय सुहडुक्खयखग्गकर।
णहि कहिं मि ण माइय सुरखयर गुरुडमरडिंडिमोमुक्कसर[12] ॥3॥

(4)

दुवई—लहु संचलिउ राउ जरसंधु[1] मयंधु महारिदारणो।
गउ [2]कुरुखेत्तमरुणचरणंगुलिचोइयमत्तवारणो[3] ॥छ॥

भुयबलचप्पियसयणफणिंदहु[4] णारयरिसिणा गंपि उविंदहु।
कहिउ गहीर वीर गोवद्धण णियपोरिसगुणरंजियतिहुयण[5]।
दुज्जइ पहु[6] जरसिंधु[7] समायउ बहुविज्जाणियरेहिं समेयउ[8]।
अच्छइ कुरुखेत्तइ समरंगणि सुहडदिण्णसुरवहुआलिंगणि[9]।

तब संग्राम-भेरी बज उठी और भारी शब्द से धरती हिल गयी। क्रोध से दुर्दर्शनीय और स्वर्णकवचों के विशेष भूषणवाले तथा धनुष, चक्र, भाला और वज्र से भीषण योद्धा उठे। मदमाते गले के स्वरवाले हाथी चिंघाड़ते हैं। शत्रुकुल के लिए दूषण और अपने कुल के लिए आभूषण तथा जिन पर आसन बँधा हुआ है, ऐसे श्रेष्ठ अश्व हिनहिनाते हैं। दिशा-विदिशा में, खून पीनेवाले और डाइनों का पोषण करनेवाले, राक्षसों को हकारनेवाले, विजयश्री के कर का स्पर्श चाहनेवाले और अमर विलासिनियों का दर्शन माँगनेवाले,

घत्ता—रथिकों (सारथियों) द्वारा अश्वप्रवर और रथ प्रेरित कर दिये गये, और सुभट अपनी तलवारें हाथ में उठाकर दौड़े।

(4)

तब अपनी अरुण चरणांगुलियों से मस्त गज को प्रेरित करनेवाला, भयंकर शत्रुओं को मारनेवाला, मदान्ध राजा जरासन्ध शीघ्र चला। इस बीच नारद ऋषि ने, अपने बाहुबल से नागशय्या को चाँपनेवाले उपेन्द्र (कृष्ण) से जाकर कहा—हे गम्भीर वीर गोवर्धन, अपने पौरुष से त्रिभुवन को रंजित करनेवाले (हे देव), अनेक विद्या-समूह से सहित दुर्जेय राजा जरासन्ध आ गया है। जहाँ सुभटों द्वारा देववधुओं को आलिंगन दिया जाता है, ऐसे

8. AB °विलास। 9. BPS संगामभेरि। 10. ABPS गुलुगुलंत। 11. B रहियई। 12. AB °डामर°।
(4) 1. ABPS जरसंधु। 2. B °खेत्त अरुण°; P °खेत्तिमरुण°। 3. B चरणंगुलि°। 4. S °सयल°। 5. P °तिहुवण। 6. B इहु; PS एहु। 7. PS जरसंधु।
8. P समाइउ। 9. AP °दिंत°।

अज्ज वि किर[10] तुहुं काइं चिरावहि णियदुयालि किं णउ मणि भावहि[11]।
किं संघारिउ[12] तहु जामाइउ किं चाणूरु रणंगणि घाइउ।
तं णिसुणिवि हरि कयपहरणकरु[13] उट्ठिउ हणु भणंतु दट्ठाहरु।
हलहर अज्ज वइरि णिद्दारमि[14] दे आएसु असेसु वि मारमि।
ता संणद्ध कुद्ध[15] ते णरवर चोइय गयवर वाहिय हयवर[16]।
पहयइं रणतूराइं रउद्दइं रवपूरियगिरिकुहरसमुद्दइं।
जायवबलु जलणिहिजलु लंघिवि थिउ कुरुखेत्तु झत्ति आसंघिवि।

घत्ता—संणद्धइं वड्ढियमच्छरइं करवालसूलसरझसकरइं।
अब्भिट्टइं कयरणकलयलइं दामोयरजरसिंधहं[17] बलइं ॥4॥

(5)

दुवई—[1]हयगंभीरसमरभेरीरवबहिरियणहदियंतयं[2]।
[3]उक्खयखग्गतिक्खखणखणरवखंडियदंतिदंतयं[4] ॥छ॥

कोंतकोडिचुंबियकुंभयलइं रुहिरवारिपूरियधरणियलइं।
चुयमुत्ताहलणियरुज्जलियइं विलुलियंतचुंभलपक्खलियइं[5]।
सेल्लविहिण्णवीरवच्छयलइं[6] सरवरपसरपिहियगयणयलइं।

कुरुक्षेत्र के युद्ध-प्रांगण में स्थित है। आप देर क्यों कर रहे हैं ? अपनी दुश्चाल क्या मन में नहीं सोचते उसके दामाद का संहार क्यों किया ? चाणूर का रणांगण में वध क्यों किया ?

यह सुनकर कृष्ण अपने हाथ में अस्त्र लेकर उठे। होंठ चबाते और मारो कहते हुए बोले—हे बलराम ! आज मैं शत्रु को चूर-चूर करूँगा। आदेश दें, सबको मारूँगा।

तब वे नरश्रेष्ठ क्रुद्ध होकर तैयार हो गये। उन्होंने गजवरों को प्रेरित किया और अश्ववरों को चलाया। भयंकर रणतूर्य आहत कर दिये गये। यादवसेना समुद्र का जल लाँघकर और अध्यवसाय करके कुरुक्षेत्र में स्थित हो गयी।

घत्ता—बढ़ रहा है मत्सर जिनमें ऐसी तथा हाथ में करवाल, शूल, तीर और झस लिये हुए, युद्ध का कोलाहल करती हुई, दामोदर और जरासन्ध की तैयार सेनाएँ आपस में भिड़ गयीं।

(5)

आहत, गम्भीर समरभेरियों के शब्द से दिशाएँ और आकाश बहरे हो गये। उठी हुई तलवारों की तीखी खन-खन आवाज से हाथियों के दाँत खण्डित हो गये। भालों की नोकों से गजों के कुम्भस्थल चुम्बित थे। रक्तरूपी जल से धरणीतल आप्लावित हो गया। गिरे हुए मोतियों के समूह से उज्ज्वल हो गया। हिलते हुए शिरोभूषण गिर गये। वीरों के वक्षःस्थल बरछों से विदीर्ण हो गये। श्रेष्ठ तीरों के प्रसार से आकाशतल

10. AP तुहुं किर। 11. P दावहि। 12. S संहारिउ। 13. P °पहरणु। 14. B णिद्दारिमि। 15. ABP कुद्ध णिव णरयर। 16. PS रहवर। 17. B °जरसिंध।बलइं; PS °जरसेंधहं।

(5) 1. P °तूरभेरी°। 2. BPS Als. °दियंतइं। 3. AP Als. °तिक्खखग्ग°। 4. BPS Als. °दंतइं। 5. P विलुलियअंत°। 6. A °पिहिण्ण°; S °विहीण°।

उच्छलंतधणुगुणटंकारइं[7] जोहविमुक्कफारहुंकारइं।
तोसियफणिदिणयरससिसक्कइं वज्जमुट्ठिचूरियसीसक्कइं।
हयमत्थइं[8] मत्थिक्करसोल्लइं[9] दलियट्ठियवीसढवसगिल्लइं[10]।
मोडियधुरइं विहिण्णतुरंगइं लउडिघायजज्जरियरहंगइं[11]।
[12]पग्गहणिल्लूरण[13]विहिभीसइं[14] करकड्ढियसारहिसिरकेसइं[15]।
भग्गरहाइं लुणियधयदंडइं[16] पासखंडपीणियभेरुंडइं[17]।
लुद्धगिद्धखद्धंगपएसइं[18] सुरकामिणिकरघल्लियसेसइं।
वणवियलियधाराकीलालइं[19] किलिकिलंति[20] जोइणिवेयालइं।

घत्ता—ता रहवरहरिकरिवाहणहं जुज्झंतहं दोहं[21] मि साहणहं।
जो सुहडहं मच्छरग्गि जलिउ तहु[22] धूमु[23] व रउ णहि उच्छलिउ ॥5॥

(6)

दुवई—णं मुहवडु णिहित्तु जयलच्छिहि लोयणपसरहारओ।
णं रणरक्खसस्स[1] पवणुद्धुउ[2] पिंगलकेसभारओ ॥छ॥

असिधारातोएण ण पसमिउ[3] पंडुरछत्तहु णवरुप्परि[4] थिउ।
उद्धु गंपि कुंभत्थलि पडियउ णिच्चब्भासें गयवरि चडियउ।

छा गया। धनुषों और डोरियों की टंकारें उछलने लगीं। योद्धा स्फीत हुंकार करने लगे। नाग, दिनकर, चन्द्र और इन्द्र सन्तुष्ट हो गये। वज्रमुट्ठियों से शिरस्त्राण टूटने लगे। घोड़ों के सिर रक्तरूपी रस से आर्द्र थे। दलित हड्डियों से भयंकर और वसा से गीले थे। जिनकी धुराएँ मुड़ चुकी हैं, अश्व अलग-अलग जा पड़े हैं, ऐसे रथचक्र दण्डों के आघात से जर्जर हो गये। जो रस्सी (लगाम) खींचने की विधि से भयंकर हैं, हाथों से सारथि के सिर के बाल खींच लिये गये हैं, ऐसे रथ भग्न हो चुके थे। ध्वजदण्ड काटे जा चुके थे। मांसखण्डों से भेरुण्ड पक्षी प्रसन्न हो रहे थे। लुब्ध गिद्धों के द्वारा आधे अंग-प्रदेश खाये जा रहे थे, देवबालाओं के द्वारा हाथों से शिरीष पुष्प डाले जा रहे थे, घावों से रक्तधाराएँ विगलित हो रही थीं। योगिनी और वैतालिक किलकारियाँ भर रहे थे।

घत्ता—तब रथवरों, घोड़ों और हाथियों के वाहनों से युक्त दोनों ओर की सेनाएँ आपस में भिड़ जाती हैं। सुभटों की ईर्ष्या की आग जल उठी, मानो आकाश में उड़ रही धूल उसी का धुआँ हो।

(6)

वह (धूल) ऐसी लग रही थी मानो विजयलक्ष्मी पर आँखों के प्रसार को रोकनेवाला मुखपट डाल दिया गया हो; जो मानो युद्धरूपी राक्षस का पवन से उड़ता हुआ पीला केशसमूह हो। वह (धूल) तलवार के धारारूपी जल से शान्त नहीं हुई, वह सफेद छत्रों के ऊपर स्थिर हो गयी, ऊपर जाकर हाथियों के कुम्भस्थलों पर

7. P °धणगुण° । 8. APS हयमत्थय° । 9. B मंकिक्क° । 10. A रसगिल्लइं । 11. P लगुडि° । 12. AP खग्गह° । 13. A णिल्लूरियबहय° । 14. AP °सीसइं । 15. B °करकेसइं । 16. S लुणिय° । 17. B मंस° । 18. A °पवेसइं । 19. B °विगलिय° । 20. ABP किलिकिलंत°; S किलिगिलंत° । 21. B दोहिं । 22. P तहे धूम । 23. B धूमरओ ।

(6) 1. A णहरक्खसस्स । 2. S पवणुद्धउ । 3. A पसरिउ । 4. P °उप्परि ।

गंडि[5] थंतु कण्णेण झडप्पिउ मइलणसीलउ कासु ण विप्पिउ।
वंसि थंतु चिंधेण गलत्थिउ दंडि थंतु चमरेणवहत्थिउ[6]।
करपुक्खरि पइसइ गणियारिहि लोलइ थोरथणत्थलि णारिहिं।
चेलंचलपडिपेल्लिउ गच्छइ चउदिसि[7] णिब्भंछिउ[8] किं अच्छइ[9]।
दिट्ठिपसरु[10] असिपसरु[10] णिवारइ अंतरि पइसिवि णं रणु वारइ।
मणि[11] विलग्गु वीसासु अ[12] मग्गइ पयणिवडिउ[13] णं पायह[14] लग्गइ।
हरिखुरखउ रोसेण व उट्ठइ जं जं पावइ तहिं[15] तहिं संठइ।
ढंकइ मणिसंदणजंपाणइं जोयंतहं सुरवरहं विमाणइं।
घत्ता—धूलीरउ रुहिररसोल्लियउं णं रणवहुराएं पेल्लियउं।
थिउ रत्तु[16] पउ वि णउ[17] चल्लियउं णं वम्महबाणें[18] सल्लियउं ॥6॥

(7)

दुवई—पसमिइ धूलिपसरि पुणरवि रणरहसुद्धाइया[1] भडा।
अंकुसवस[2] विसंत विसमुब्भड चोइय मत्तगयघडा ॥छ॥

पड़ी। अपने नित्य के अभ्यास से हाथियों के ऊपर चढ़ गयी। गण्डस्थल पर स्थित वह कानों के द्वारा झड़प दी गयी। मलिन स्वभाववाला किसे बुरा नहीं लगता ? बाँस पर स्थित उसे पताका ने गर्दनिया दी, दण्ड पर स्थित होने पर उसे चमरों ने अपने हाथ से हटा दिया। वह हथिनियों के कररूपी सूँड में प्रवेश कर जाती है। नारियों के स्थूल स्तनस्थल पर घूमती है, उनके वस्त्र के अंचल से हटायी गयी वह चल देती है। चारों ओर से लांछित होकर (भर्त्सित होकर) वह क्या ठहर सकती है ? वह दृष्टि-प्रसार और असि-प्रसार को रोकती है, मानो भीतर प्रवेश कर युद्ध का निवारण करती है। मन में लगकर, वह मानो विश्वास की याचना करती है। पैरों पर उड़कर, मानो पैरों से लग गयी है। घोड़ों के खुरों से आहत होकर जो क्रोध से उठती है। जो-जो वह पाती है, वहाँ-वहाँ स्थित हो जाती है। वह मणि-रथों, जंपानों और देखते हुए देवविमानों को ढक लेती है।

घत्ता—रणवधू के राग से प्रेरित होकर, रक्तरूपी रस से आर्द्र हो वह एकदम रक्त (रक्त, लीन और लाल) होकर, एक भी कदम नहीं चल सका, मानो कामदेव के बाण से पीड़ित हो गया।

(7)

धूल का प्रसार शान्त होने पर, फिर से योद्धा युद्धरथों से उठे। विषम उद्‌भट द्वेष करती हुई, अंकुश के वश में रहनेवाली गजघटाएँ प्रेरित कर दी गयीं। किसी का तीरों से उर विदीर्ण हो गया, मानो नागों

---

5. B गल्ल। 6. P चमरेण विहत्थिउ। 7. A रउदिसु; PS चउदिसु। 8. AB णिब्भच्छिउ; S णिब्भंछिउ। 9. AP add after this : अंधारउ करंतु दिस गच्छइ, A भंतु पपुच्छइ कहिं किर गच्छइ, P अह चंचलु किं णिच्चलु अच्छइ। 10. AP °पसर। 11. A सवणि पइसि वीसासु। 12. APS व। 13. PS पयवडियउ। 14. APS पायहिं। 15. A तं तहिं। 16. B रत्तपओ वि; P रत्तउ पउ वि; Als. रत्तउं पउ वि against Mss. 17. S ण चल्लियउं। 18. A °बाणहं।

(7) 1. S °सुद्धाविया। 2. A °विसविसंत।

कासु वि णारायहिं उरु दारिउं णायहिं णं वसुहयलु वियारिउं।
को वि अद्धइंदें[3] सिरि[4] भिण्णउ सोहइ भड्डु रुद्दु व अवइण्णउ।
गुणमुक्केहिं सगुणसंजुत्तउ बहुलोहेहिं लोहपरिचत्तउ।
को वि सुहडु धरणियलु[5] ण पत्तउ मग्गणेहिं चाइ[6] उक्खित्तउ।
केण वि जगु धवलिउ णिरु णिद्धें [7]असिधेणुयविढत्तजसदुद्धें[8]।
धरहुं ण सक्किउ छिण्णकरग्गहिं केण वि धरिउं चक्कु दंतग्गहिं।
कासु वि सिरु अच्चंततिसाइउ[9] असिवरपाणियधारहिं[10] धायउं[11]।
कासु वि अंतइं [12]पयजुयघुलियइं[13] पहुरिणबंधणाइं णं दुलियइं[14]।
कासु वि गलिउं रत्तु गत्तंतहु फेडइ तिस णिरु तिसियकयंतहु[15]।
कासु वि सिव कामिणि व णिरिक्खइ णहहिं वियारिवि हियवउं चक्खइ।
को वि सुहडु पहरणु[16] णउ मुज्झइ मुच्छिउ[17] उम्मुच्छिउ पुणु जुज्झइ।
को वि सुहडु जहिं जहिं परिसक्कइ तहिं तहिं संमुहु[18] को वि ण ढुक्कइ।

घत्ता—चलचामरपट्टालंकरिय[19] हरिवाहिय मच्छरफुरुहुरिय[20]।
अब्भिडिय[21] गरुयरणभारधर पवरासवारकरवालकर ॥7॥

द्वारा वसुधा-तल फाड़ दिया गया हो। कोई अर्धचन्द्र से सिर में विदीर्ण हो गया। वह योद्धा, मानो अवतरित हुए रुद्र के समान शोभित है। गुणों (तीरों, याचकों) से मुक्त होने पर भी, जो सगुण (स्वगुण) से युक्त है, बहुत से लोहों (लोहा) के होते हुए भी लोह (लोभ) से परित्यक्त है। कोई सुभट धरतीतल पर नहीं आ सका, त्यागी (दानी) के समान उसे मग्गणों (तीरों, याचकों) के द्वारा ऊपर उठा लिया गया। अत्यन्त चिकने असिरूपी धेनु से अर्जित यशरूपी दूध से किसी ने सारे विश्व को धवल कर दिया। कटे हुए हाथों के अग्रभागों से जो चक्र पकड़ा नहीं जा सका, उसे किसी ने अपने दाँतों के अग्रभाग से पकड़ लिया। किसी का सिर प्यास से शान्त हो गया। किसी की आँतें पदयुगलों में व्याप्त हो गयीं, मानो स्वामी के ऋणबन्धन गिर गये हों। किसी के शरीर के मध्य से रक्त स्खलित हो उठा और वह अत्यन्त तृषाकुल यम की प्यास मिटाने लगा। किसी के लिए शिवा (सियारिन) कामिनी के समान दिखाई देती है जो हृदय को अपने नखों से विदीर्ण कर चखती है। कोई सुभट अपना अस्त्र नहीं भूलता, मूर्च्छित-उन्मूर्च्छित होकर भी वह फिर युद्ध करता है। कोई सुभट जहाँ-जहाँ पहुँच जाता है, वहाँ-वहाँ सामने कोई भी सुभट नहीं आता।

घत्ता—हिलते हुए चमरों और पट्टों से अलंकृत, घोड़ों से ले जाये गये, ईर्ष्या से विस्फरित भारी युद्धभार को उठानेवाले तथा प्रवर तलवारों को हाथों में लिये हुए अश्वारोही आपस में भिड़ गये।

3. APS अद्धधंदें। 4. AP सिरु। 5. AP धरणियले। 6. A णायइ उक्खित्तउ। 7. P °धेणुय°। 8. B °विढंत°। 9. A णच्चंतु; P अच्चंतु। 10. PS °धारहे। 11. PS धाइउं। 12. P °जुय°। 13. A धुलियउ। 14. A खलियउ; P चलियइं; S वलियइं। 15. P °कंतहो। 16. A पहरणि ण समुज्झइ; P पहरणे णउ। 17. A मुच्छिउ पुणु उ मुच्छिउ जुज्झइ; P मुच्छिउ मुच्छिउ पुणु पुणु जुज्झइ। 18. P समुहुं। 19. A °पट्टालंकरिय। 20. A °हुरुहुरिय; S °फुरुहरिय। 21. AP अब्भिड्ड गरुय°; S अब्भिडिय।

(8)

दुवई—[1]हयसंणाहदेहणिव्वट्टियलोट्टियतुरयसंकडे[2]।
के वि समोवडंति पडिभडथडि विरसियतूरसंघडे[3] ॥छ॥

जयसिरिरामालिंगणलुद्धहं एक्कमेक्क पहरंतहं कुद्धहं।
असिसंघट्टणि उट्ठिउ हुयवहु कढकढंतु सोसिउ सोणियदहु।
दसविदिसासइं तेण पलित्तइं पक्खरचमरइं चिंधइं छत्तइं।
ता पडिवक्खपहरभयतट्ठउं महुमहबलु दसदिसिवहणट्ठउं[4]।
[5]पोरिसगुणविंभावियवासउ[6] हणु भणंतु सइ[7] धाइउ केसउ[8]।
णरहरि[9] तुरय रहिण[10] संचूरइ सारइ दारइ मारइ जूरइ।
धीरइ हक्कारइ पच्चारइ हणइ वणइ विहुणइ विणिवारइ।
दमइ रमइ परिभमइ पयट्टइ संघट्टइ लोट्टइ आवट्टइ।
सरइ धरइ अवहरइ ण संचइ खंचइ कुंचइ[11] लुंचइ वंचइ।
उल्लालइ वालइ[12] अप्फालइ[13] रूसइ दूसइ पीलइ हूलइ[14]।
ईहइ संखोहइ आवाहइ रोहइ मोहइ[15] जोहइ साहइ।

(8)

जिसमें कवचों के नष्ट हो जाने से, विघटित और लौटते हुए अश्वों का संकट है तथा मृदंग समूह बज रहा है, ऐसी प्रतियोद्धाओं की टोली में कितने ही योद्धा गिर पड़ते हैं। विजयलक्ष्मीरूपी रमणी के आलिंगन के लोभी एक-दूसरे पर प्रहार करते हुए अत्यन्त क्रुद्ध योद्धाओं की तलवारों के संघर्षण से आग निकली और उसने कड़-कड़ करते हुए 'रक्त सरोवर' को सोख लिया। उससे दिशा-विदिशाएँ, कवच, चमर, चिंध और छत्र, प्रज्वलित हो उठे। तब प्रतिपक्ष के प्रहार के भय से त्रस्त कृष्ण की सेना दशों दिशापथों में बिखर गयी। (उस समय) अपने पौरुष गुण से देवेन्द्र को विस्मित करनेवाले केशव 'मारो, मारो' कहते हुए दौड़े। नरश्रेष्ठ वह घोड़ों-रथों को चूर-चूर करते हैं, हटाते हैं, प्रहार करते हैं, विदीर्ण करते हैं, मारते हैं, पीड़ित करते हैं, धीरज बँधाते हैं, हकारते हैं, पुकारते हैं, हनन करते हैं, घाव करते हैं, धुनते हैं, निवारण करते हैं, दमन करते हैं, रमते हैं, घूमते हैं, प्रवृत्ति करते हैं, संघर्ष करते हैं, लौटते हैं, घुमाते हैं, चलते हैं, पकड़ते हैं, अपहरण करते हैं। घुमाते हैं, चलते हैं, पकड़ते हैं, संकुचित करते हैं, ले जाते हैं, वंचित करते हैं। ऊँचा फेंकते हैं, मोड़ते हैं, आस्फालित करते हैं। क्रुद्ध होते हैं, दूषण लगाते हैं, पीड़ित करते हैं, शूल घुसेड़ते हैं, अवलोकन करते हैं, आह्वान करते हैं, घिराव करते हैं, मुग्ध करते हैं, देखते हैं, कहते हैं, झूलती हुई सघन

(8) 1. A °णिवट्टिय° । 2. B °लुट्टिय°; P °लोट्टिय° । 3. A °तुरसंकडे । 4. P °दिसिवहे; S °दिसवह° । 5. S °विम्भाविय° । 6. S °वासवु । 7. AP संधायउ । 8. S केसवु । 9. AP सो णरहरि तुरयहिं (P तुरयइं) संचूरइ; B Als. णरकरि though Als. thinks that क is written in second hand; K records a p : णरकरि इति वा पाठः; T also records a p : णरकर (रि ?) इति वा पाठः । 10. S रहेण । 11. ABS खुंचइ; P कोंचइ । 12. A चालइ । 13. B अप्फालइ । 14. P लूहइ । 15. S जोहइ मोहइ ।

अंत[16] ललंतइं गाढइं[17] ताडइ   रुंडमुंडखंडोहइं पाडइ।
वेढइ उव्वेढइ संदाणइ   रक्खे भुक्खारीणइं[18] पीणइ।
वग्गइ रंगइ[19] णिग्गइ[20] पविसइ[21]   दलइ मलइ उल्ललइ ण दीसइ।

घत्ता—कुसपास विलुंचइ हयवरहं गलगिज्जउं तोडइ गयवरहं।
वरवीर रणंगणि पडिखलइ मंडलियहं रयणमउड दलइ ॥8॥

(9)

दुवई—जुज्झइ वासुएउ परमेसरु परबलसलिलमंदरो[1]।
[2]सुरकामिणिणिहित्तकुसुमावलिणवमयरंदपिंजरो[3] ॥छ॥

गयमयपंकभमिइ[4] चलमहुयरि   हयलालाजलवाहिणि[5] दुत्तरि।
संदणसंदाणियइ दुसंचरि   रुंडमुंडविच्छंडभयंकरि[6]।
लोहियंभथिंभेहिं[7] सुसंचुएइ[8]   कडयमउडकुंडलहारंचिइ।
सामिपसायदाणरिणणिग्गमि   ढुक्क विहंगमि तहिं रणसंगमि[9]।
सिरिसकुलससामत्थमयंधें[10]   माहउ पच्चारिउ जरसंधें[11]।
णंदगोव घियदुद्धें मत्तउ   जं तुहुं महु करि मरणु ण पत्तउ।
तं जाणहि करिमयररउद्दइ   लिहिक्किवि थक्कउ लवणसमुद्दइ।

आँतों को ताड़ित करते हैं, सिरों और धड़ों के समूहों को गिराते हैं, बाँधते हैं, सहारा लेते हैं, भूख से पीड़ित राक्षसों को सन्तुष्ट करते हैं, व्याकुल होते हैं, चलते हैं, निकलते हैं, प्रवेश करते हैं, दलन करते हैं, मलते हैं, गीले होते हैं, दिखाई नहीं देते।

घत्ता—अश्ववरों के तर्जकों को वह नष्ट कर देते हैं। गजवरों की सूड़ों को मसल देते हैं और माण्डलिक राजाओं के रत्नमुकुटों को चूर-चूर कर देते हैं।

(9)

शत्रुसेनारूपी जल के लिए मन्दराचल के समान, सुरबालाओं द्वारा रखी गयी कुसुमांजलि के नवपराग से पीत परमेश्वर वासुदेव युद्ध करते हैं। जिसमें गजमदजल की कीचड़ बह रही है, भ्रमर चल रहे हैं, जो घोड़ों की लार के जल की नदी से दुस्तर है, जिसमें रथों का सहारा लिया जा रहा है; जो दुस्संचर है, सिरों और धड़ों के समूह से भयंकर है, जो रक्तरूपी जल की बूँदों से सुसिंचित है, जो कटकमुकुट और कुण्डलहारों से अंचित है; जिसमें स्वामी के प्रसाद और दान के ऋण का निर्यातन किया जा रहा है, ऐसे उस भयंकर युद्ध-संगम में पहुँचे हुए माधव को श्री और अपने कुल के सामर्थ्य मद से अन्धे जरासन्ध ने ललकारा—हे नन्दगोप ! घी-दूध से मत्त तुम मेरे हाथ से मृत्यु को प्राप्त नहीं हुए—उसका तुम यह कारण जान लो कि

---

16. A अंतललंतं; S अण्णेणण्णं। 17. APS गाढं। 18. AS °रीणि; P रिण (ई)। 19. S रग्गइ। 20. B णिक्खइ। 21. P पइसइ।

(9) 1. A °मंदिरो। 2. ABS °कुसुमंजलि°। 3. PS °मयरिंद°। 4. P °भमिय°। 5. K °जलि वाहणि दुत्तरि but gloss नदी on जलियाहणि। 6. BPS °विच्छड्ड°। 7. S °थंभेहिं। 8. APS सुसिंचिए; B सुसंचिए। 9. B रणि। 10. AP सिरिकुलबलसामत्थ°। 11. P जरसेंधें।

पइं विणु गाइहिं महिसिहिं रुण्णउं णंदहु केरउं गोउलु सुण्णउं।
जाहि जाहि गोवाल म ढुक्कहि अज्जु मज्झु कमि पडिउ ण चुक्कहि।
णिवकुलकमलसरोवरहंसु[12] जेण परक्कमु भग्गउ कंसहु।
तं भुयबल तेरउं दक्खालहि पेक्खहुं कुलकलंकु पक्खालहि।
एवहिं तुज्झु ण णासहुं जुत्तउं ता णारायणेण पडिवुत्तउं।
घत्ता—पइं मारिवि दारिवि अज्जु रणि तोसावमि[13] सुरवर[14] णर भुवणि।
उज्जालिवि[15] णंदहु तणउ कउं गोमंडलु पालमि गोउ[16] हउं ॥9॥

(10)

दुवई—अवरु वि पेक्खु पेक्खु[1] हरिसुज्जलसिरिथणकुंकुमारुणा।
एए बाहुदंड महुं केरा वइरिकरिंददारणा[2] ॥छ॥
एए बाण एउं बाणासणु एहु इंदु करिवरखंधासणु।
इहु सो तुहुं रिउ एउं रणंगणु एउ[3] सक्खि सुरभरिउं णहंगणु।
जइ णियकुलपरिहउ[4] ण गवेसमि जइ पइं कंसपहेण ण पेसमि।
तो बलएवहु पय ण णमंसमि अरहंतहु सासणु ण पसंसमि।
हउं णउ णासमि घाउ पयासमि अज्जु तुज्झु जीविउं णिण्णासमि।

तुम जलगजों और मगरों से भयंकर लवणसमुद्र में जाकर छिप गये थे। तुम्हारे बिना गायों और भैंसों से रहित नन्द का गोकुल सूना हो गया है। हे गोपाल ! तुम जाओ-जाओ, यहाँ मत पहुँचो। आज मेरे पैरों की चपेट में आकर तुम नहीं बचोगे। अपने जिस पराक्रम से तुमने राजकुलरूपी कमलों के सरोवर के हंस कंस का पराक्रम भंग किया है, तुम मुझे अपना बाहुबल दिखाओ तो मैं देखूँगा। तू कुलकलंक (गोपत्व) प्रक्षालित कर ले (मिटा ले)। इस समय तुम्हारा नाश ठीक नहीं। इस पर नारायण ने कहा—

घत्ता—तुम्हें आज युद्ध में मारकर और फाड़कर लोक में देववरों और मनुष्यों को सन्तुष्ट करूँगा। नन्द के गोकुल को आलोकित कर मैं गोमण्डल (गायों के मण्डल, पृथ्वी-मण्डल) का पालन करता हूँ, मैं गोप हूँ।

(10)

और भी देखो देखो, हर्ष से उज्ज्वल लक्ष्मी के स्तन की केशर से अरुण, शत्रुरूपी गजराजों को विदारण करनेवाले ये मेरे बाहुदण्ड। ये बाण, ये धनुष, गजवर के कन्धे पर आरूढ़ यह बलभद्र। यह तुम, ये शत्रु, और यह युद्ध का मैदान। देवताओं से भरा हुआ यह आकाश साक्षी है; यदि मैं अपने कुल के पराभव का बदला नहीं लेता, यदि तुम्हें कंस के पथ पर नहीं भेजता, तो बलराम के चरणों में प्रणाम नहीं करता और अर्हन्त के जिनशासन की प्रशंसा नहीं करता। मैं नष्ट नहीं हूँगा, तुम्हें आघात दूँगा, आज तुम्हारे जीवन

---

12. S णिवकुल°। 13. A तोसावधि; P तोसावेमि। 14. सुर णरवर णर। 15. A उज्जालउं; S उज्जालमि। 16. P गो हउं।
(10) 1. S पेक्खु once. 2. S वइरिंददारणा। 3. P एहु। 4. S °परिहवु।

इय गज्जंतहिं भंगुरभावइं   दोहिं मि अप्फालियइं सचावइं।
उट्ठिउ गुणटंकारणिणायउ   वेविउ वाउ वरुणु जडु जायउ[5]।
सद्दभएण व तेण चमक्कइ[6]   सुरकरि दाणु देंतु णउ थक्कइ।
ससि तसियउ हुउ झीणकलालउ[7]   थिउ जमु णं भयभीएं[8] कालउ।
जलणिहिजलइं चलइं परिघुलियइं   गहणक्खत्तइं महियलि लुलियइं।
कंपियाइं सत्त वि पायालइं   गिरिसिहरइं णिवडियइं करालइं।

घत्ता—अमरासुरविसहरजोइयइं तोणीरइं खंधारोइयइं[9]।
उप्पुंखविचित्तइं[10] संगयइं[9] णं गरुडहं पिंछइं[11] णिग्गयइं[12] ॥10॥

(11)

दुवई—[1]वलइयरयणसारि[2] बहुपहरण चडुलसमीरधुयधया।
ता जरासंधरायदामोयरपयजुयचोइया[3] गया ॥छ॥

करडगलियमयमिलियमहुयरा   जलहर व्व पविमुक्कसीयरा।
सायर व्व गज्जणमहारवा   वइवसु[4] व्व तइलोक्कभइरवा[5]।
मुणिवर व्व कयपाणिभोयणा   थीयण व्व लीलावलोयणा[6]।
पत्थिव व्व सोहंतचामरा   खलणर[7] व्व परिचत्तभीयरा[8]।
सुपुरिस व्व दढबद्धकच्छया   रक्खस व्व मारणविणिच्छया।

को नष्ट करूँगा। इस प्रकार क्षणिक आवेग से गरजते हुए दोनों ने अपने-अपने धनुष चढ़ा लिये। डोरियों की टंकार का शब्द उठा। उससे पवन काँप गया और वरुण जड़ हो गया। उस शब्दभय से ऐरावत डर जाता है और मदजल छोड़ता हुआ नहीं थकता है। चन्द्रमा त्रस्त होकर क्षीण कलाओंवाला हो गया। यम मानो भयभीत होकर काला पड़ गया। समुद्र का जल चंचल होकर व्याप्त हो गया। ग्रह-नक्षत्र धरणीतल पर झूल गये। सातों पाताललोक काँप उठे। भयंकर गिरिशिखर गिर पड़े।

घत्ता—अमर, असुर और विषधरों के द्वारा देखे गये, कन्धों पर रखे हुए, पुंखों से विचित्र और मिले हुए तरकस ऐसे लगते हैं, मानो गरुड़ों के पंख निकल आये हों।

(11)

जिनके सोने के पल्याण (जीन) झुके हुए हैं, जो प्रचुर अस्त्रों से युक्त हैं, जिन पर चंचल पवन से ध्वज उड़ रहे हैं तथा जरासन्ध राजा और दामोदर के दोनों पैरों से प्रेरित किये गये, सूँड़ों से झरते हुए मद पर मँडराते हुए मधुकरवाले वे गज मेघों की तरह जल-कण छोड़ रहे थे। वे समुद्र के समान महागर्जनवाले थे। यम की तरह त्रिलोक के लिए भयावह थे। मुनिवरों की तरह पाणि (हाथ, सूँड़) से भोजन करनेवाले थे। स्त्रीजन के समान लीलापूर्वक देखनेवाले थे। राजाओं की तरह चामरों से शोभित थे। दुष्टजनों की तरह भय से दूर थे। सत्पुरुष की तरह वस्त्र (ब्रह्मचर्य, रस्सी) जिन्होंने अच्छी तरह धारण कर रखा है, राक्षसों

5. P जाइउ। 6. PS चवक्कइ। 7. ABPS Als. झीणु कला°। 8. APS भयभीयए। 9. BP °रोहियइं। 10. S संगइं। 11. BP पिच्छइं। 12. K णिग्गइं।

(11) 1. P वलविय°। 2. A °रणसारि। 3. PS जरसंध°। 4. ABS वइवस व्व। 5. B तिलुक्क°; P तेलोक्क°। 6. B Als. लीलाविलोयणा। 7. S खलयण व्व। 8. AB परिचित्त°।

सुररह[9] व्व घंटालिमुहलिया[10] वासर व्व पहरेहिं पयलिया।
णवणिहि[11] व्व रयणेहिं उज्जला कज्जलालिपुंज व्व सामला।
चरणचालचालियधरायला खलखलंतसोवण्णसंखला।
पुक्खरग्गसंगहियगंधया[12] एक्कमेक्कमारणविलुद्धया।
रोसजलणजालोलिछाइया[13] बिहिं मि कुंजरा सउंह[14] धाइया।

घत्ता—कालउ सुरचावालंकरिउ [15]कडिछुरियइ[16] विज्जुइ विप्फुरिउ[17]।
सरधाराहिं वुट्ठउ महुमहणु णं णवपाउसि ओत्थरिउ[18] घणु ॥11॥

(12)

दुवई—सरणीरंधपसरि[1] संजायइ खगु वि ण जाइ णहयले।
विद्धंतेण[2] तेण भड सूडिय पाडिय मेइणीयले ॥छ॥

वरधम्मेण जइ वि परिचत्ता लोहणिबद्धा चित्तविचित्ता।
परणरजीवहारि दुद्दंसण चंचलयर णावइ कामिणियण[3]।
वम्मविहंसण पिसुणसमाणा दूरोसारियअमरविमाणा।
धणुहें दिण्णउं जइ वि णवेप्पिणु कोडिउ ताउ[4] दो वि मेल्लेप्पिणु।

की तरह जो मारने का निश्चय किये हुए हैं, जो देवरथों की तरह घण्टावलियों से मुखरित हैं, जो दिनों के समान प्रहरों (प्रहर, प्रहारों) से युक्त हैं, नवनिधि के समान जो रत्नों से उज्ज्वल हैं, जो काजल और अलिसमूह की तरह श्यामल हैं, जो अपनी पद-चाल से धरती को प्रकम्पित करनेवाले हैं; जिनकी स्वर्ण शृंखलाएँ खनखना रही हैं, जिनकी सूँड़ों के अग्रभाग में गन्ध संगृहीत है, जो एक-दूसरे को मारने के लिए उत्सुक हैं, इस प्रकार क्रोधरूपी ज्वालावलि से आच्छादित दोनों ही महागज सामने दौड़े।

घत्ता—बिजली के समान कमर की धुरी से चमकते हुए कृष्ण सर-धाराओं (तीर, जलकण की धाराओं) से बरस पड़े, मानो श्याम एवं इन्द्रधनुष से अलंकृत नवघन, नवपावस में उमड़ पड़े हों।

(12)

तीरों के छिद्रहीन प्रसार के कारण आकाशतल में पक्षी नहीं जा पाता। भेदन करते हुए नारायण ने योद्धाओं को नष्ट करके धरती पर लिटा दिया। वे तीर यद्यपि वरधर्म (धनुष, धर्म) से परित्यक्त, लोह-निबद्ध (लोहा, लोभ से घटित), चित्रविचित्र, दूसरे जीव का हरण करनेवाले, दुर्दर्शनीय और अत्यन्त चंचल थे, मानो कामिनीजन हों। वे दुष्ट के समान वर्म्म (मर्म, कवच) का भेदन करनेवाले थे, और देवविमानों को दूर से ही हटानेवाले थे। यद्यपि ये तीर धनुष द्वारा दोनों कोटियाँ झुकाकर छोड़े गये थे, तब भी वे तृष्णाकुल की तरह लाख

9. ABP सुरहर व्व। 10. BS घंटाहिं मुह°। 11. P णिवणिहि। 12. P पुंखर व्व। 13. S छाइया। 14. S सहुवहुं; BP समुहुं। 15. B कडि। 16. P °छुरिए। 17. P विप्फुरियउ। 18. B उत्थरिउ।

(12) 1. AP °णीरंधयारे। 2. S विंधंतेण। 3. S कामिणिजण। 4. AP तो वि वेण्णि; B Als. ताउ दोण्णि।

लक्खहु धावइ[5] णं तिह्नालुय अह किं किर करंति[6] जड गुणचुय।
मग्गणा वि णिय मोक्खहु कण्हें वइरिवीरणिद्दारणतण्हें।
ता मगहाहिवेण रूसंतें हरिधणुवेयणाण[7] दूसंतें।
णियसरेहिं विणिवारिय रिउसर विसहरेहिं छिण्णा इव विसहर।

घत्ता—ता कण्हें विद्धउ पइसरिवि धयछत्तइं चमरइं कप्परिवि।
णरवइ णारायहिं वणिउ किह धुत्तेहिं विलासिणिलोउ जिह ॥12॥

(13)

दुवई—ता देवइसुयस्स बलसत्ति[1] पलोइवि[2] णिज्जियावणी[3]।
मणि चिंतविय[4] विज्ज जरसिंधें[5] विसरिसविविहरूविणी[6] ॥छ॥

दंडउ[7]—णवर पवररायाहिराएण संपेसिया दारणी मारणी मोहणी[8] थंभणी सव्वविज्जाबलच्छेइणी[9] ॥1॥
पलयघरवारणी[10] संगया खग्गिणी पासिणी चक्किणी सूलिणी हूलणी[11] मुंडमालाहरी कालकावालिणी ॥2॥
और भी सुनो। एक राजा नरपाल था। उसने कौतुक से एक कुत्ता पाला। वह अज्ञानी उसे मणि-कांचन शिविकायान में ले गया। एक दिन उस कुत्ते ने बच्चे का विष्टा देखा जो कि उसकी जीभ के लिए बहुत प्यारा था। शिविका (पालकी) से जाते-जाते वह उतरा। वह कुत्ता उस अपवित्र पदार्थ को जीभ से चाटने लगा। राजा ने उसे डण्डे के अगले भाग से मारा। मुनि सब लोगों के द्वारा पूज्य होता है। यदि वह सुभट

5. AP मो लिंडइ घरिणि भरंतु। 6. A महावसिट्ठु। 7. A भोज्जु। 8. P छुहियहो तहो दिण्णम्मि ताए। 9. AP भुंजिज्जइ वंतण्णगासु।

जइ मुक्ककामरइ[1] करइ बप्प   तो णिंदणिज्जु सो णिव्वियप्प।
आयण्णहि सुंदर कहिं मि कालि   सुहुं पंथिउ जंतु वणंतरालि।
दलकुसुमफलावलिरससलग्घि   णिवडिउ उम्मग्गि महादुलंघि।
सो घोरें वग्घें खज्जमाणु   जरकूवइ पडिउ पधावमाणु।
तहिं णयणचरणपसरेण मुक्कु   फणिविच्छियकीडयसयविलुक्कु।
[2]णिग्गमणोवायविवज्जियंगु   कड्ढिउ वेज्जें भेसज्जपउंगु।
किउ तासु सरीरु समिद्धकरणु   होंतउ विणिवारिउ झत्ति मरणु।
संठविउ सव्वरमणीयमग्गि   जिह पुणु वि पडइ णरु कूवदुग्गि।
तिह रिसि वि परमजिणमग्गभट्ठु   भणु तमतमपहि [3]को णउ पइट्ठु।
णायसिरि वण्णलायण्णरहिय   दक्खालिय गुरुदालिद्दमहिय।
तं पेच्छिवि मुणि संजमु धरेवि   भाएं सहुं सुहझाणें मरेवि।
उप्पण्णउ कयकंदप्पदप्पि   बलहद्दविमाणि चउत्थकप्पि।
अच्छिय सत्तोवहि जीवमाण   तेत्थाउ मुएप्पिणु दह वि पाण।
हउं जायउ सायरदत्तु तेत्थु   तुहुं रायकुमार कुमारु एत्थु।
ता दिक्खंकिउ [4]सुउ वीरराउ   वारिउ पियरेहिं महाणुभाउ।
पुरवरि पइट्ठु गुणगणविसालु   सावज्जु भोज्जु इच्छइ ण बालु।

(मुनि) मुक्त कामरति करता है, तो वह बिना किसी विकल्प के निन्दनीय है। हे सुन्दर ! सुनो किसी समय एक पथिक वन के भीतर सुख से जा रहा था। वह पत्तों, फूलों और फलों के रस से श्लाघ्य, महादुर्लघ्य खोटे मार्ग में पड़ गया। एक भयंकर बाघ के द्वारा खाया जाता हुआ और दौड़ता हुआ वह पुराने कुएँ में गिर पड़ा। वहाँ वह नेत्रों और चरणों के प्रसार से मुक्त हो गया। सैकड़ों साँपों, बिच्छुओं और कीड़ों ने उसे काट खाया। उसका शरीर निकलने के उपाय से रहित था। एक वैद्य ने उसे निकाला और दवाइयों के प्रयोग से उसके शरीर को पुष्ट कर दिया, उसकी होनेवाली मौत को टाल दिया और उसे सबके लिए रमणीय मार्ग पर स्थापित कर दिया। जिस प्रकार वह आदमी पुनः कुएँ के दुर्गम स्थान में गिरता है, उसी प्रकार परम जिनमार्ग से भ्रष्ट कौन-सा ऋषि तमतमःप्रभा नरक में नहीं जाता ? फिर उसने उसे (भवदेव मुनि को) अत्यन्त गरीबी से मण्डित एवं रंग-रूप से रहित नागश्री बतायी। उसे देखकर, वह मुनि संयम धारण कर और शुभ भाव के साथ शुभध्यान से मरकर, कामदेव के दर्प को धारण करनेवाले चौथे स्वर्ग के बलभद्र विमान में जन्मा। वहाँ सात सागर पर्यन्त जीवित रहकर, वहाँ से भी दसों प्राणों को छोड़कर मैं वहाँ सागरदत्त हुआ और तुम यहाँ राजकुमार हुए। दीक्षा के लिए कृतसंकल्प महानुभाव वीरराज पुत्र को माता-पिता ने मना कर दिया। गुणगण से विशाल वह नगर में आया। बालक सावद्य (जो प्राशुक नहीं है) भोजन नहीं खाता।

---

(3) 1. AP मुक्कासु रइ। 2. A णिग्गय मणि याय। 3. AP णउ को। 4. A सउवीयराउ; P सुउ वीयराउ।

घत्ता—ता पडहु णिवेण देवाविउ धणु देसमि।
भुंजावइ पुत्तु[5] जो तहु दुक्खु हरेसमि ॥3॥

(4)

परिचत्तकारियणुमोयणेण दढधम्में पासुयभोयणेण।
भुंजाविउ सुंदरु उवणिएण णिच्चं पि जीवजीवियहिएण।
सो वड्ढइ णिव्वियडिल्लएण बारहवरिसइं णिस्सल्लएण[1]।
दुब्बलु हूयउ तिव्वें तवेण मुउ संणासें सोसियभवेण।
संभूयउ सो बंभिंदसग्गि सुरु विज्जमालि[2] मणिदित्तमग्गि।
चत्तारि वि तहु पवरच्छराउ जंबूणामहु रइकोच्छराउ।
जायउ भज्जाउ मणोहराउ देविउ उत्तुंगपयोहराउ।
जाएसइ सो संपण्णणाणु मेल्लेवि असंजमु चरमठाणु[3]।
जिह सो तिह भुंजिवि सग्गसोक्खु[4] जाएसइ सायरदत्तु मोक्खु।
इय भासिउ सयलु वि गोत्तमेण मगहेसहु संतें सत्तमेण।
अण्णहिं दिणि सम्मइसमवसरणि पभणइ सेणिउ तेलोक्कसरणि।
गुणपुंगम बहुकलिमलहरेण किं कयउं आसि पीइंकरेण।
जेणेहउं दीसइ चारु गत्तु ता सच्चउ भासइ मारसत्तु।

घत्ता—तब राजा ने यह मुनादी करायी—"जो मेरे पुत्र को भोजन करा देगा उसे मैं धन दूँगा और उसका दुःख दूर कर दूँगा।"

(4)

दृढ़वर्मा ने कृत, कारित और अनुमोदना से रहित, जीव के जीवन के लिए हितकारी प्राशुक भोजन ले जाकर प्रतिदिन उस सुन्दर को कराया। वह बारह वर्ष तक विकाररहित निःशल्यभाव से रहा। तीव्रतप से वह दुर्बल हो गया और संसार को नष्ट करनेवाले संन्यास से मरण को प्राप्त हुआ और मणियों से प्रदीप्त मार्गवाले ब्रह्मेन्द्र स्वर्ग में विद्युन्माली देव हुआ। उसकी चार प्रमुख अप्सराएँ जम्बूस्वामी को कामकुतूहल उत्पन्न करनेवाली, ऊँचे स्तनोंवाली, सुन्दर पत्नियाँ होंगी। असंयम को छोड़कर, सम्पूर्णज्ञान को उपलब्ध कर वह चरम स्थान (मोक्ष स्थान) को प्राप्त होगा। जिस प्रकार वह, उसी प्रकार सागरदत्त भी स्वर्गसुख को भोगकर मोक्ष जाएगा।" इस प्रकार शान्त और उत्तम गौतम गणधर ने मागधेश श्रेणिक के लिए यह सब कथन किया। एक अन्य दिन, त्रिलोक के शरणरूप महावीर के समवसरण में राजा श्रेणिक कहता है—"हे गुणश्रेष्ठ ! कलि के अनेक पापों का हरण करनेवाले प्रीतिंकर मुनि ने ऐसा (पूर्वजन्म में) क्या किया कि जिससे वह सुन्दरशरीर हुआ है ?" इस पर कामशत्रु गणधर उससे सच-सच कहते हैं—

5. P जो पुत्तु।

(4) 1. AP णीसल्लएण। 2. P विज्जुमालि। 3. A परमठाणु। 4. P सग्गु सोक्खु।

घत्ता—इह देसि पसण्णि सेणिय राय तुहारइ।
मणितोरणदारु[5] सुप्पइट्ठु[6] पुरु सारइ ॥4॥

(5)

तहिं णिवसइ सिरिजयसेणु राउ वणि सायरक्खु पहयरिसहाउ।
सुउ ताहं पहूयउ णायदत्तु अण्णेक्कु वि बालु कुबेरदत्तु।
गहियइं सव्वहिं सावयवयाइं णवियाइं पंचदेवहं पयाइं।
दप्पेण पमाएण व[1] पमत्तु पर धम्मु ण गिण्हइ णायदत्तु।
कालें जंतें सुरहियदियंति सहलि धरणीभूसणवणंति।
मुणि सायरसेणु पराइएहिं जयकारिउ जयसेणाइएहिं।
पुच्छिउ स[2] धम्मु तेणुत्तु एव जिणधम्में होंति महड्ढि देव।
तित्थंकर चारण चक्कवट्टि पडिवासुदेव खलमइयवट्टि।
जिणधम्में मोक्खहु जंति जीव मिच्छत्तें णरइ पडंति पाव।
आयण्णिवि एहउं लइउ धम्मु लोएहिं चत्तु हिंसाइकम्मु।

घत्ता—मुणिवरु वंदेवि मिच्छामलपरिचत्तें।
णियआउपमाणु पुच्छिउ सायरदत्तें ॥5॥

घत्ता—हे श्रेणिक ! तुम्हारे इस प्रसन्न (खुशहाल) श्रेष्ठ देश में मणि के तोरणद्वारवाला सुप्रतिष्ठ नगर है।

(5)

उसमें श्री जयसेन नाम का राजा निवास करता था। सागरदत्त नाम का सेठ था और प्रभाकरी सेठानी, उसकी सहायिका (सहधर्मिणी) थी। उन दोनों का पुत्र नागदत्त था। एक और दूसरा बालक कुबेरदत्त था। उन सबने श्रावकव्रत ग्रहण कर लिये और पाँचों देवों के चरणों को प्रणाम किया। घमण्ड से या प्रमाद से प्रमत्त नागदत्त ने धर्म ग्रहण नहीं किया। समय बीतने पर, जिसमें दिशाएँ सुरभित हैं ऐसे सुन्दर पत्तोंवाले धरणीभूषण वन में पहुँचकर सागरदत्तादि ने मुनि सागरसेन का जय-जयकार किया। उनसे धर्म पूछा। उन्होंने इस प्रकार कहा—"जिनधर्म से महाऋद्धि-सम्पन्न देव होते हैं, तीर्थंकर, चारण मुनि, चक्रवर्ती, क्षेत्र की मिट्टी का मर्दन करनेवाले काष्ठ के समान प्रतिवासुदेव होते हैं। जिनधर्म से जीव मोक्ष जाता है। पापी मिथ्यात्व से नरक में पड़ते हैं।" सुनकर उन्होंने यह धर्म स्वीकार कर लिया और लोगों ने हिंसादि कर्मों का परित्याग कर दिया।

घत्ता—मिथ्यात्व-मल से रहित सागरदत्त ने मुनिवर की वन्दना कर अपनी आयु का प्रमाण पूछा।

---

5. AP °दारे। 6. AP सुपइट्ठपुरे।
(5) 1. AP वि। 2. AP सुधम्मु।

(6)

तेणक्खिउं जीविउं मासमेत्तु तुह दीसइ भो वणिवइ[1] णिरुत्तु।
आयण्णिवि तं[2] पइसरिवि णयरि मणु[3] फेडिवि धयसंणिहियमयरि[4]।
अहिसित्तइं कलिमलवज्जियाइं जिणबिंबइं वणिणा पुज्जियाइं।
संताणि णिहिउ सुउ णायदत्तु अप्पुणु आहरु सरीरु चत्तु।
मुउ वीसदिवससंणासणेण हुउ सुरवरु भूसिउ भूसणेण।
भाएं[5] पुच्छियउ कुबेरदत्तु भणु पिउणा किं तुह सारवित्तु।
संदरिसिउं णेहपरव्वसेण ता तेण वुत्तु णित्तामसेण।
तुहुं पढमलोहभावेण गत्थु[6] किं णिंदहि जणणु जए कयत्थु।
धणु दाणें देहु वि णिरसणेण णिट्ठविउ जेण जिणगयमणेण।
तहु [7]तुहुं किं दूसणु करहि भाय जसु वंदणिज्ज जगि जाय पाय।
अण्णहिं दिणि सरस सुमिट्ठ तिक्ख सायरसेणहु तें दिण्ण भिक्ख।
दढभत्तिइ लहुएं भायरेण धणमित्तइ सहुं मउलिकरेण।
पुणु पुच्छिउ जइवइ मज्झु पुत्तु किं होइ ण होइ गुणोहजुत्तु।

घत्ता—जइ डिंभु ण होइ तो सरीरु तवतावें।
आसोसमि देव ता गुरु कहइ अगावें ॥6॥

(6)

उन्होंने कहा—"हे सेठ ! तुम्हारा जीवन (निश्चयपूर्वक) एक माह का और दिखाई देता है।" यह सुनकर और नगर में प्रवेश कर, काम से अपने मन को दूर कर सेठ ने कलिमल से रहित जिनबिम्बों का अभिषेक और पूजन किया। कुलपरम्परा में नागदत्त को स्थापित किया और खुद ने आहार एवं शरीर का त्याग कर दिया। बीस दिन के संन्यासमरण के बाद वह मृत्यु को प्राप्त हो गया और अलंकारों से अलंकृत देव हुआ। भाई (नागदत्त) ने कुबेरदत्त से पूछा—"बताओ तुम्हें पिता ने कितना श्रेष्ठ धन दिया ?" तामसभाव से रहित स्नेहभाव से अभिभूत होकर उसने कहा—"तुम पहले से ही लोभभाव से ग्रस्त हो, विश्व में कृतार्थ अपने पिता की निन्दा क्यों करते हो ? जिनदेव भगवान में लीन मन होकर जिन्होंने दान से धन और अनशन से शरीर त्याग दिया, जिनके चरण पूज्य हो गये हैं, हे भाई ! तुम उनके लिए दोष क्यों लगाते हो ?" एक दूसरे दिन, दृढ़भक्त छोटे भाई ने धनमित्रा के साथ हाथ जोड़कर सागरसेन मुनि के लिए सरस, मीठा और तीखा आहार दिया। फिर उसने यतिवर से पूछा—"मेरा गुणसमूह से युक्त पुत्र होगा या नहीं ?"

घत्ता—यदि पुत्र नहीं होना है, तो हे देव ! मैं शरीर को तप के ताप से सुखा डालूँगा।" तब गुरु बिना किसी अहंकार के कहते हैं—

(6) 1. A वणियर। 2. A तहिं। 3. AP मलु। 4. P धयसंणिहयसिहरि। 5. P णाएं। 6. A घत्थु। 7. AP किं दूसणु तुहुं।

(7)

लक्खणलक्खिउ जयलच्छिगेहु तव[1] होसइ तणुरुहु चरमदेहु।
तं णिसुणिवि मायापियरयाइं संतुट्ठइं णियमंदिरु गयाइं।
ता बिहिं मि तेहिं बहुपुण्णवंतु णवमासहिं सुउ संजणिउ कंतु।
किं वण्णिज्जइ पीइंकरक्खु[2] विहवेण इंदु रूवेण जक्खु।
संपुण्णहिं पंचहिं वच्छरेहिं जणणीजणणेहिं सुहिच्छिरेहिं।
अप्पिउ पयपुज्जहु मुणिवरासु उवइट्ठउ चिरु आएसु तासु।
इहु होसइ सुंदरु तुज्झु सीसु कम्मक्खयगारउ जयविहीसु।
धण्णउरि परिट्ठिउ सयलु सत्थु उवइट्ठउ तहु मुणिणा महत्थु।
आसण्णु भव्वु सो महइ दिक्ख मेल्लिवि घरु चरमि[3] मुणिंद भिक्ख[4]।
गुरु भासइ वयहु ण एहु कालु अज्ज वि तुहुं कामेलदेहु बालु।

घत्ता—तं वयणु सुणेवि गुरु वंदिवि गउ तेत्तहिं।
णियपियरइं बे वि णाणासयणइं जेत्तहिं ॥7॥

(8)

णिसुणंतहं लोयहं कहइ अत्थु सो चट्टवेसधरु दिसइ सत्थु।
संमाणिउ राएं गुणणिहाणु धणु अज्जवि सुंदरु मण्णमाणु।
णउ परिणइ कण्णारयणु जाम अण्णहिं वासरि सुहिपुरिस ताम।

---

(7)

"तुम्हारा लक्षणों से युक्त एवं विजयलक्ष्मी का घर पुत्र होगा।" यह सुनकर माता-पिता सन्तुष्ट होकर अपने घर चले गये। उसके बाद उन दोनों का नौवें माह में प्रचुर पुण्यवाला सुन्दर पुत्र उत्पन्न हुआ। उस प्रीतिंकर का क्या वर्णन किया जाए ! वह वैभव में इन्द्र और रूप में यक्ष था। पाँच वर्ष का होने पर शुभ चाहनेवाले माता-पिता ने उसे पूज्यपाद मुनिवर को सौंप दिया और इस प्रकार उनके पुराने आदेश को उन्होंने बताया कि यह तुम्हारा सुन्दर शिष्य होगा, कर्म का क्षय करनेवाला और जय से हँसनेवाला शिष्य। धान्यपुर में रहकर उन मुनि ने उसे महार्थ वाले शास्त्रों का उपदेश दिया। वह आसन्न भव्य था। वह दीक्षा की अभिलाषा करता है और कहता है—"हे मुनीन्द्र ! घर छोड़कर भिक्षा का आचरण करूँगा।" गुरु कहते हैं—"यह व्रत का समय नहीं है। तुम आज भी कोमल-शरीर बालक हो।"

घत्ता—यह वचन सुनकर और गुरु की वन्दना कर वह वहाँ गया जहाँ उसके माता-पिता और स्वजन थे।

(8)

शिष्य का रूप धारण किये हुए वह श्रोताओं को अर्थ बताता है और शास्त्र का उपदेश करता है। उस गुणनिधान का राजा ने सम्मान किया। धन कमाने को ही सुन्दर मानते हुए उसने कन्यारत्न से विवाह नहीं

---

(7) 1. A तुहु; P तउ। 2. A पिंयंकरक्खु। 3. AP चरंमि। 4. A °सिक्ख।

आउच्छिवि गउ बोहित्थएण[1]।
सहुं णायरेहिं रंजियजएहिं[2] पहसंतहिं जलकीलारएहिं।
गुरुलिहिउं पत्तु णियकण्णि करिवि करिमयररउद्दु समुद्दु तरिवि।
भूतिलउ णामु बहुधरविसिट्ठु गिरिविरवेढिउं पट्टणु पइट्ठु।
तूरहिं वज्जंतहिं पय णवंतु जणु सउहुं पराइउ जय भणंतु।
आसंकिय वणिवर काइं एत्थु उत्तरु दिज्जेसइ को महत्थु।
पीइंकरु पभणइ हउं समत्थु मा [3]करह किं पि संदेहु एत्थु।
ता दिट्ठउं जिणहरु गिरि व तुंगु वंदिउ जिणु तवसिहिहुयणिरंगु।
तहिं णिग्गउ पेच्छइ जुज्झरंगु भडरुंडखंडचुयरुहिररंगु[4]।
अवरेक्क कण्ण रोवंति जंति तहि पच्छइ गउ सो चंदकंति।

घत्ता—भवणंगणु गंपि णवचामीयरवण्णइ।
आसणु कण्णाए दिण्णउं तासु पसण्णइ ॥8॥

(9)

तें पुच्छिय सुंदरि कहहि गुज्झु किं णट्ठउ पुरवरु तेण[1] तुज्झु।
भणु[2] भणु मा[3] भी भीवसंगि णियणयणपरज्जियवणकुरंगि।

किया। दूसरे दिन सुधी पुरुष वह पूछकर जहाज के साथ गया। विश्व को रंजित करनेवाले, जलक्रीड़ा में रत हँसते हुए नागरिकों के साथ, गुरु के द्वारा लिखित पत्र को अपने कानों में कर (सुनकर), जलगजों और मगरों से भयंकर समुद्र को पारकर वह बहुत से घरों से विशिष्ट और गिरिवर से घिरे हुए भूतिलक नामक नगर में पहुँचा। बजते हुए नगाड़ों के साथ पैर पड़ता हुआ और जयकार करता हुआ जनसमूह सामने आया। वणिक्लोग आशंकित हो उठे कि यह क्या है ? कौन महार्थ इसका उत्तर देगा ? प्रीतिंकर कहता है—मैं समर्थ हूँ, आप लोग इसमें कुछ भी सन्देह न करें। उसने जाकर पहाड़ की तरह ऊँचा जिनमन्दिर देखा और तप की ज्वाला में कामदेव को नष्ट कर देनेवाले जिनदेव की वन्दना की। वहाँ से निकलकर वह युद्ध का दृश्य देखता है, जो योद्धाओं के धड़ों के खण्डों से गिरते हुए रक्त से रंजित था। एक और कन्या रोती हुई जा रही थी। चन्द्रमा के समान कान्तिवाला वह उसके पीछे-पीछे गया।

घत्ता—भवन के आँगन में जाकर नवस्वर्ण के समान रंगवाली उस प्रसन्न कन्या ने उसके लिए आसन दिया।

(9)

उसने पूछा—"हे सुन्दरी ! अपना रहस्य समझाओ, कैसे तुम्हारा पुरवर नष्ट हो गया है ? अपने नेत्रों

(8) 1. AP add after this : उब्भियसीहजडपसत्थएण। 2. AP रंजियपरेहिं। 3. P करहो। 4. A °खंडचुय°।
(9) 1. AP केण गुज्झु। 2. AP किं भणु भणु। 3. A मा भीही वरंगि; P मा बीहहि वरंगि।

कण्णाइ पबोल्लिउं सुणि कुमार लीलावलोय पच्चक्खमार।
खगरायहु अलयाईसरासु णियतेययपरज्जियणेसरासु।
हरिबलु महसेणु वि मुक्कसंकु भूतिलउ पुत्तु णियकुलससंकु।
तहु पणइणीहि आबद्धपणउ धारणियहि जायउ भीमु तणउ।
तहु सिरिमइसइहि हिरण्णवम्मु सुउ संभूयउ सोहग्गरम्मु।
दुत्थियसज्जणु कइकामधेणु सुंदरिमहसेणहं[4] उग्गसेणु।
वरसेणु अवरु हउं सुय ण भंति णामेण वसुंधरि णर कहंति।
विंतरदेवय णिज्जिणिवि पवरु महु ताएं णिम्मिउं पउरु[5] णयरु।
महु[6] भायहु दिण्णी भीमकाय विज्जा खेयरसंदिण्णराय।
अलयाउरिराएं हरिबलेण तवचरणु लइउं मणि णिम्मलेण।
विउलमइणामचारणहु पासि गउ मोक्खहु थिउ भुवणग्गवासि।

घत्ता—भीमु वि रज्जु करंतु विज्जाकारणि[7] कुद्धउ।
रणि हिरण्णवम्मस्स लग्गउ सिहि व समिद्धउ ॥9॥

(10)

णासिवि हिरण्णवम्मउ[1] असंकु संमेयमहीहरि मज्झि थक्कु।
णियणयरि परिट्ठिउ भीमराउ वइरि वि सपिउव्वहु पासि आउ।

से वन-हिरनी को पराजित करनेवाली हे भयशीले ! तुम कहो, कहो, डरो मत।" कन्या बोली—हे लीलापूर्वक देखनेवाले प्रत्यक्ष कामकुमार ! सुनो। अपने तेज से सूर्य को पराजित करनेवाले अलकापुरी के स्वामी विद्याधर राजा के हरिबल और महासेन शंकाओं से मुक्त एवं अपने कुल का चन्द्रमा भूतिलक पुत्र थे। हरिबल की प्रणयिनी धारिणी से प्रणतों (नतमस्तकों) को आबद्ध करनेवाला भीम नाम का पुत्र हुआ। उसकी दूसरी रानी श्रीमती सती से सौभाग्य से रमणीय हिरण्यवर्मा नाम का पुत्र हुआ। वह विस्थापितों के लिए सज्जन और कवियों के लिए कामधेनु था। महासेन और सुन्दरी से उग्रसेन, वरसेन पुत्र और मैं पुत्री उत्पन्न हुए, इसमें भ्रान्ति नहीं है। नाम से लोग मुझे वसुन्धरा कहते हैं। प्रवर व्यन्तरदेव को जीतकर मेरे पिता ने इस विशाल नगर की रचना की थी। छोटे भाई के लिए भीमकाय विद्याधर संदिग्नराग की विद्या देकर मन से निर्मल, अलकापुरी के राजा, हरिबल ने विमलमति नामक चारणमुनि के पास तपश्चरण ग्रहण कर लिया। वह मोक्ष गये और लोक के अग्रभाग में स्थित हो गये।

घत्ता—भीम भी राज्य करता हुआ विद्या के कारण क्रुद्ध हो गया। आग की तरह जलता हुआ वह हिरण्यवर्मा से युद्ध में भिड़ गया।

(10)

अशंक हिरण्यवर्मा को नष्ट कर वह सम्मेदशिखर पर्वत पर जाकर रुका। भीम राजा अपनी नगरी में

4. 4. K सहसेणहु। 5. AP एउं। 6. A महु तायहो; P जहुभायहो। 7. P विज्जाकरणे।

(10) 1. AP हिरण्णवम्मु वि असक्कु।

तं णिसुणिवि तंणिहणेक्कणिट्ठु[2] दट्ठोट्ठु दुट्ठु आरुट्ठु सुट्ठु।
महसेणहु पेसिउ तेण पत्तु किं धरियउं पइं महुं तणउ सत्तु।
तं णिसुणिवि महुं ताएण समरि जुज्झेप्पिणु चालियचारुचमरि।
सो भीमु धरिवि संखलहिं बद्धु बलवंतु वि कुलकलहेण खद्धु।
पुणु मित्तु करेवि हिरण्णवम्मु सो मुक्कउ दिण्णउं रज्जु रम्मु।
णउ खमइ तो वि आबद्धरोसु इच्छइ हिरण्णवम्महु विणासु।
संसाहिय रक्खसविज्ज तेण मारिउ हिरण्णवम्मउ खणेण।
विद्धंसिउ पुरु महु जणणु बद्धु आवेसइ जोयहुं मइं मयंधु।
तं णिसुणिवि सिरिपीइंकरेण सयणत्थु खग्गु लइयउं करेण।
ज जासु हत्थि सो जिणइ जुज्झु इंदहु वि ण संगरि होइ वज्झु।
थिउ गोउरि सुंदरु छण्णदेहु एत्थंतरि भडु संपत्तु एहु।
णियविज्ज भीम आइट्ठ तासु रणि वग्गंतहु असिवरकरासु।

घत्ता—विज्जाइ पवुत्तु चरमदेहु किह मारमि।
भणु भणु णरणाह अवरु को वि संघारमि ॥10॥

प्रतिष्ठित हो गया। शत्रु (हिरण्यवर्मा) अपने चाचा के पास आया। यह सुनकर कि हिरण्यवर्मा का निधन हो गया है, उसका एकमात्र निष्ठावान दुष्ट भीम ओठ चबाता हुआ, एकदम क्रुद्ध हो उठा। उसने महासेन के लिए पत्र भेजा कि तुमने मेरे शत्रु को अपने यहाँ क्यों रखा ? यह पढ़कर मेरे पिता ने, जिसमें सुन्दर चमर चल रहे हैं, ऐसे युद्ध में लड़कर उस भीम को शृंखलाओं से बाँध लिया। बलवान व्यक्ति भी कुलकलह से नष्ट हो जाता है। फिर उसने हिरण्यवर्मा को मित्र बनाकर उसे मुक्त कर उसका (भीम का) सुन्दर राज्य दे दिया। लेकिन आबद्ध-क्रोध भीम तब भी क्षमा नहीं करता है और हिरण्यवर्मा का विनाश चाहता है। उसने राक्षस विद्या सिद्ध कर ली और एक क्षण में हिरण्यवर्मा को मार डाला। उसने नगर को ध्वस्त कर दिया और मेरे पिता को मार डाला। वह मदान्ध अब मुझे देखने के लिए आएगा। यह सुनकर श्री प्रीतिंकर ने सेज पर पड़ी हुई तलवार अपने हाथ में ले ली। वह तलवार जिसके हाथ में होती है, वह युद्ध में इन्द्र से भी वध्य नहीं होता। वह सुन्दर छिपकर गोपुर में खड़ा हो गया। इसी बीच यहाँ वह सुभट आया। युद्ध में असिवर हाथ में लेकर गरजते हुए उस पर (प्रीतिंकर पर) भीम ने अपनी विद्या को आदेश दिया।

घत्ता—विद्या ने कहा—वह चरमशरीरी है। उसे कैसे मारूँ ? हे स्वामी ! कहिए कहिए, किसी और का मैं संहार कर सकती हूँ।

---

2. AP तण्णेक्कणिट्ठु।

(11)

ता मुक्क विज्ज गय कहिं मि जाम अप्पुणु[1] ढुक्कउ सो भीमु ताम।
रे रे कुमार हणु हणु भणंतु असि भामिउ भीसणु धगधगंतु।
तं वंचिवि[2] सुहडें दिण्णु घाउ घाएण जि णिवडिउ खयरराउ।
कण्णइ पोमाइउ गव्वविलेव तुहुं साहसरयणणिहाणु देव।
पइं होंतें हउं हूई सलग्घ णिण्णाह वि लइ वट्टमि महग्घ।
इय भणिवि ताइ भद्दासणत्थु अहिसिंचिउ सिरिकलसहिं पसत्थु।
परिहाविउ दिव्वइं अंबराइं [3]मणिकणयमउडकुंडलवराइं[4]।
पुच्छंतहु तरुणहु हारिणीहिं अक्खिउं वरचामरधारिणीहिं।
घत्ता—सहुं रज्जेण कुमारि[5] पणयंगइं णिरु पोसइ।
अम्हारी पहु धूय तुम्हहं पणइणि होसइ ॥11॥

(12)

ता भणइ कुमारि[1] सुवण्णवण्ण ताएण दिण्ण जगि होइ कण्ण।
इयरह[2] कह परिणिज्जइ अजुत्तु ता संकमियउ तहिं णायदत्तु।
ते सहसा णिग्गय पुरवराउ णं बंधुर सिंधुर [3]सरवराउ।
अवियाणियदूसहपिसुणचारु पुणु पुरपहि पल्लट्टउ कुमारु।

---

(11)

तब उसने विद्या छोड़ी। वह जब तक कहीं जाये, तब तक भीम स्वयं वहाँ आ गया। 'हे कुमार ! मार मार' कहते हुए, उसने धकधक करती हुई अपनी भीषण तलवार घुमायी। उसे बचाकर सुभट कुमार ने आघात पहुँचाया, और विद्याधर राजा उस आघात से धरती पर गिर पड़ा। कन्या ने उसकी प्रशंसा की कि हे गर्वरहित देव ! तुम साहस रूपी रत्न के खजाने हो। तुम्हारे होने से मैं श्लाघनीय हो उठी। बिना स्वामी के होते हुए भी मैं इस समय महार्घ हूँ (मूल्यवान हूँ)। यह कहकर, भद्रासन पर बैठे हुए प्रशस्त उसका उसने श्रीकलशों से अभिषेक किया। उसे दिव्य वस्त्र, मणि, कनक-मुकुट और श्रेष्ठ कुण्डल पहिनाये। कुमार के पूछने पर, उत्तम चामर धारण करनेवाली दासियों ने कहा—

घत्ता—कुमारी राज्य के साथ स्नेहांगों का पोषण करेगी। हे राजन् ! हमारी यह कन्या तुम्हारी प्रणयिनी होगी।

(12)

तब स्वर्णवर्णवाली वह कुमारी कहती है कि पिता के द्वारा दी गयी कन्या से विवाह किया जाता है। दूसरे ढंग से विवाह करना अयुक्त है। इतने में नागदत्त वहाँ आ गया। वे शीघ्र ही उस श्रेष्ठ नगर से निकले,

---

(11) 1. AP अप्पणु। 2. A वंचिउ। 3. AP मणिकडय°। 4. A कुंडलधराइं। 5. AP कुमार।

(12) 1. AP कुमारु। 2 P इयरह परिणिज्जइ णिरुत्तु। 3. AP सुरसराउ।

वीसरियउ कण्णाहरणु लेवि जामावइ ता वंचणु करेवि।
गउ णायदत्तु धणु[4] वहू हरेवि णउ जाणहुं होसइ किं मरेवि।
मोणव्वउ[5] लइयउ सुंदरीइ इय चिंतिउं [6]बहुगुणजलसरीइ।
किं जंपमि विणु पीइंकरेण मणभवणणिवासें मणहरेण[7]।
सा मूई तें मण्णिय जडेण ओहारियपरकंचणघडेण[8]।
संणिहियदव्वरक्खणणिओइ पत्तउ पुरु पुच्छिउ कहइ लोइ।
विब्भुल्लउ अम्हहं कमलचक्खु णवि जाणहुं कहिं[9] पीइंकरक्खु।
एत्तहि पेच्छिवि सायरहु तीरु गउ पुणु भूतिलयहु मेरुधीरु।
जिणभवणु णिहालिउं थुउ जिणिंदु मज्झत्थु समुक्खयदुक्खकंदु।
पुणु सुत्तउ सुंदरु सालसंगु आणंदु महाणंदु वि सुसंगु।
संपत्तु जक्खजुवलउं सुवंतु[10] तहु तेहिं[11] णिहालिउ कण्णवत्तु[12]।
तं वाइवि सुंअरिवि पुव्वजम्मु देवेहिं वियाणिउं सुकिउ कम्मु।

घत्ता—गुरुयणआएसु अम्हहं[13] करहुं णिरुत्तउ।
भो माणुसु एउं गरुयउं गुणसंजुत्तउं ॥12॥

मानो सुन्दर गज सरोवर से निकले हों। उस दुष्ट के असह्य आचरण को नहीं जानता हुआ कुमार नगरपथ की ओर मुड़ा। और जब तक वह कन्या के भूले हुए गहने लेकर आता है, तब तक धोखा देकर नागदत्त, बहू और धन लेकर चला गया। मैं नहीं जानता कि मरने के बाद उसका क्या होगा। उस सुन्दरी ने मौन ले लिया। अनेक गुणरूपी जल की नदी उस ने अपने मन में विचार किया कि अपने मनरूपी भवन में निवास करनेवाले सुन्दर प्रीतिंकर के बिना, मैं क्या बोलूँ ? दूसरे के सोने के घड़े का अपहरण करनेवाले उस मूर्ख ने यह समझ लिया कि वह गूँगी है। वह नगर पहुँचता है। जिसका द्रव्य के रक्षण का नियोग है, ऐसे लोक से पूछने पर वह कहता है कि कमलनयन प्रीतिंकर हमसे भटक गया है, तुम नहीं जानते कि वह कहाँ है। यहाँ पर समुद्र का किनारा देखकर मेरु के समान धीर वह प्रीतिंकर पुनः भूतिलक चला गया। उसने जिनभवन को देखा और जिनेन्द्र की स्तुति की जो मध्यस्थ और दुःखसमूह का नाश करनेवाले हैं। फिर अलसाए शरीरवाला वह सो गया। इतने में वहाँ आनन्द और महानन्द नामक सुन्दरमुखवाले यक्ष का जोड़ा आया। उन्होंने उसके कान में बँधा हुआ पत्र देखा। उसे पढ़कर और पूर्वजन्म का स्मरण कर देवों ने अपना पुण्य कर्म जान लिया।

घत्ता—हम लोग निश्चित रूप से गुरुजनों के आदेश का पालन करें। अरे, यह मनुष्य महान् और गुणों से संयुक्त है।

4. A वहुधणु। 5. A मोणेल्लउ; P मोणुव्वउ। 6. A बहुगुणजलसिरीए; P बहुगुणजलसरीए। 7. AP णवथरेण। 8. AP परकंचणघडेण। 9. A किं पीईकरक्खु; P किं पीएंकरक्खु। 10. AP सुवत्तु। 11. A कण्णे वत्तु; P कण्णपत्तु। 13. AP अम्हहं।

(13)

पाविज्जइ इच्छिउ णयरु तेम्व   अम्हहं तूसइ परमेट्ठि जेम्व।
वाणारसिपुरवरि सच्चदिट्ठि   जिणयत्त घरिणि धणयत्तु सेट्ठि।
अम्हइं बेण्णि वि जण पुत्त ताहं   संसिक्खिय सत्थइं [1]तक्खराहं।
परदव्वहरणरय पावबुद्धि   णउ सक्किउ गुरु विरयहुं णिसिद्धि।
णिव्वेएं छड्डिवि[2] सव्वसंगु   अम्हारउ पिउ तवचरणि लग्गु।
सिहिगिरिवरि सीलपसत्थएण   सायरसेणहु सामत्थएण।
आसण्णु वि सिग्घु[3] पराइएहिं   जणु खज्जइ णउ वग्घाइएहिं।
तें वयणें अम्हहं जणिउ चोज्जु   गय वंदिउ रिसि किउं[4] धम्मकज्जु।
जगपुज्जें भयवंतें अवज्जु   छंडाविउ तें महु मंसु मज्जु।
गउ गुरु[5] पुरु भिक्खहि कहिं मि जाम   सद्दूलें विणिहय बे वि ताम।
सुरजायारूवें जित्तमयणु   लइ एव्वहिं कीरइ ताहं वयणु।
इय जाणिवि विरएप्पिणु विमाणु   आरोहिउ सो तहिं सुहडभाणु।
बहुदव्वें सहुं [6]कुलणहमयंकु   अकलंकु अवंकु विमुक्कसंकु।
सुपइट्ठणयरिणियडइ सुठाणु   गिरि धरणीभूसणु विउलसाणु।
तहिं णिहिउ तेहिं जक्खामरेहिं   अहिमुहुं जाइवि णायरणरेहिं।

(13)

हम इसे इच्छित नगर उसी प्रकार प्राप्त करा दें, जिससे हमारे गुरु सन्तुष्ट हों। वाराणसी नगरी में सत्यदृष्टि सेठ था। जिनदत्ता उसकी गृहिणी थी। हम दोनों उनके पुत्र थे। दोनों ने चौर्यविद्या के शास्त्र की शिक्षा ग्रहण की। दूसरों के धन का अपहरण करने में रत हम पापबुद्धि थे। पिता मना करने में समर्थ नहीं हो सके। निर्वेद के कारण सब परिग्रह छोड़कर हमारे पिता तपश्चरण में लग गये। शिखि पर्वत पर सागरसेन मुनि के शील से प्रशस्त सामर्थ्य से निकट रहने पर भी, लोगों को आये हुए व्याघ्रादि वन्यपशु नहीं खाते थे। इस वचन से हमें आश्चर्य हुआ। हम वन्दना करने गये। ऋषि ने धर्मकार्य किया। विश्वपूज्य ज्ञानवान उन्होंने निन्दनीय कर्म, मधु, मांस और मद्य छुड़वा दिया। जब गुरु सुप्रतिष्ठ नगर में भिक्षा के लिए गये, तब एक सिंह ने हम दोनों को मार डाला। हम लोग देवरूप में उत्पन्न हुए। तो इस समय हमें उनका काम को जीतनेवाला वचन करना चाहिए। यह जानकर और विमान बनाकर, उन लोगों ने उस सुभटसूर्य को उस पर बैठाया और प्रचुर धन के साथ कुलरूपी आकाश के उस अकलंक, अवक्र और विमुक्त-शंक चन्द्र (चन्द्र कलंकवाला और टेढ़ा होता है) को सुप्रतिष्ठ नगर के निकट जहाँ अच्छे स्थान तथा विपुल शिखरोंवाला धरणीभूषण पर्वत था, वहाँ यक्ष देवों ने उसे रख दिया। तब नागर जन राजा और सादर स्वजन सामने जाकर बजते

(13) 1. P तक्कराहं। 2. AP छंडेवि। 3. AP सुहडु। 4. AP कय धम्म°। 5. A पुरवरु; P पुरु गुरु। 6. AP णियकुलणहंकु।

णरणाहें सयणहिं सायरेहिं ताडियतूरहिं मंगलसरेहिं।
आणिउ पुरु पइसारिउ णिवासि हिमकुंदचंदगोखीरभासि।
घत्ता—ढोएवि कुमारु सयणहुं सूरपयासें।
गय बेण्णि वि जक्ख सहसा विमलायासें ॥13॥

(14)

पीइंकरु[1] जयमंगलरवेण गंभीरभेरिसद्दुच्छलेण।
पइसारिउ पुरवरु राणएण पुज्जिउ रयणहिं बहुजाणएण।
णवरण्णहिं दियहि कुमारमाय रहवरि आरूढी दिण्णछाय।
णियसुण्हहि भूसणु देहुं चलिय पियमित्त[2] पंथि मूईइ खलिय।
णियभूसासंदोहउ[3] जणासु दावइ सण्णइ विंभियमणासु।
महुं भूसणाइं इय वज्जरेवि थिय सुंदरि पहि रहधुर धरेवि।
विउसेहिं पलक्खिय[4] णउ पिसाइ अंगुलियइं दावइ [5]सच्चमूइ।
सुहलक्खणलक्खियदिव्वदेह आहरणु महारउं भणइ एह।
को लंघइ विहिबद्धउ सणेहु अप्पाहिय कुमरें रायगेहु।
ताइ वि तहु पेसिउ गूढलेहु जं णायदत्तविलसिउ दुमेहु।

हुए नगाड़ों और मंगल स्वरों के साथ उसे नगर में ले आये तथा हिम चन्द्रकिरण और दूध के समान कान्तिवाले निवास में उसे प्रवेश कराया।

घत्ता—कुमार को स्वजनों के पास पहुँचाकर, वे दोनों यक्ष सूर्य से प्रकाशित आकाश-मार्ग से सहसा चले गये।

(14)

जयमंगल ध्वनि और गम्भीर भेरी के उछलते हुए शब्द के साथ राजा के द्वारा प्रीतिंकर को नगर में प्रवेश कराया गया। अनेक रत्नों और यानों से उसकी पूजा की गयी। दूसरे दिन आभा से दीप्त कुमार की माँ (बड़ी माँ) श्रेष्ठ रथ पर आरूढ़ हो गयी और अपनी बहू के लिए आभूषण देने के लिए चली। लेकिन रास्ते में गूँगी ने उसे रोक लिया। विस्मितमन लोगों के लिए उसने संकेत से अपने आभूषणों का पिटारा बताया। 'ये मेरे आभूषण हैं'—यह संकेत कर और रथ की धुरा पकड़कर वह सुन्दरी रास्ते में खड़ी हो गयी। विद्वानों ने लक्षित किया कि यह पिशाची नहीं है, यह सचमुच गूँगी है और अँगुलियाँ दिखाती है। शुभ लक्षणों से लक्षित शरीरवाली यह कहती है कि आभूषण हमारे हैं। विधाता के द्वारा बद्ध स्नेह का कौन उल्लंघन कर सकता है ? कुमार ने राजगृह को सिखा दिया। उसने भी—उसके लिए गूढ़ लेख भेजा, जिसमें नागमणि की दुष्ट मति का उल्लेख था। वह कुमारी राजभवन ले जाई गयी। अत्यन्त विलक्षण न्यायकर्ता

(14) 1. P पीयंकरु। 2. AP धणमित्त। 3. A °भूसण°। 4. A उवलक्खिय; P लक्खिय। 5. AP सच्चु मूइ।

णिय[6] णरवइभवणहु सा कुमारि कोक्किय सुवियक्खण [7]णायकारि।
वइवरु आउच्छिउ धम्मजुत्तु महिणाहें सो धणमित्तपुत्तु।
तें णियपरियाणिउ सिट्ठु[8] सव्वु पुणु भणिउ वयणु परिगलियगव्वु[9]।
पुच्छिज्जइ देवय किं परेण वंदिवि पुज्जिवि भत्तीभरेण।
परियाणइ एह ण का वि भंति ता राएं पुज्जिवि सा सुयंति।
पुच्छिय जवणीइ[10] तिरोहियंगि को पावइ देविहि तणिय भंगि।
तहु णायदत्तदुव्विलसियाइं कहियाइं महायणणिरसियाइं।
कयदोसहु पाविट्ठहु अणिट्ठु तं णिसुणिवि णरवइ तासु रुट्ठु।
किर हरइ दव्वु दंडइ अणेउ ता वारिउ कुंअरें तरणितेउ।
तं पेच्छिवि तहु सुयणत्तसारु महिवइणा जाणिवि णिव्वियारु।

घत्ता—तहु णियसुय दिण्ण पिहिवीसुंदरि णामें।
परिणिय पसयच्छि णं मिलंति रइ कामें ॥14॥

(15)

बहुरइसुहसासवसुंधराइ कण्णाइ समेउ वसुंधराइ।
अण्णु वि दिण्णउ सुललियभुयाउ बावीस तासु वणिवरसुयाउ।
अवरु वि तहु दिण्णउं अद्धरज्जु पुण्णेण कासु सिज्झइ ण कज्जु।
अण्णहिं दिणि सायरसेणसूरि मुउ संणासेण अणंगवेरि।
अण्णहिं दिणि चारणभुयणचंद रिउ विउलमइ त्ति महामुणिंद

बुलवाया गया। राजा ने धनमित्र के पुत्र प्रीतिंकर से धर्मयुक्त वृत्तान्त पूछा। उसने अपना जाना सारा वृत्तान्त बता दिया। और फिर उसने गर्व से रहित ये शब्द कहे—दूसरों से क्या, भक्तिभाव से पूजा और वन्दना कर देवी से ही पूछा जाए; क्योंकि यह जानती है, इसमें जरा भी भ्रान्ति नहीं है। तब राजा ने सुकान्ता की पूजा कर परदे में प्रच्छन्न शरीरवाली उससे पूछा। उस देवी की भंगिमा को कौन पा सकता है ? उसने महाजनों द्वारा निन्दनीय नागदत्त की चेष्टाओं का वर्णन किया। दोष करनेवाले उस पापी के उस अनिष्ट को सुनकर राजा उस पर अत्यधिक कुपित हो गया। राजा (उसके) धन का अपहरण करता है और उस अन्यायी को दण्ड देता है। तब कुमार ने (सूर्य) के समान तेजवाले उसे (राजा को) मना किया। उसकी इस सुजन श्रेष्ठता को देखकर और उसे निर्दोष जानकर,

घत्ता—उसे अपनी पृथ्वीसुन्दरी नाम की कन्या दे दी। विशाल आँखोंवाली वह ब्याह दी गयी, मानो रति काम से मिली हो।

(15)

प्रचुर रतिसुखरूपी धान्य की भूमि वसुन्धरा कन्या के साथ उसे और भी बाईस सुन्दर भुजाओंवाली वणिक्वर कन्याएँ दी गयीं। और भी, उसे आधा राज्य दिया गया। पुण्य से किसका काम सिद्ध नहीं होता ? दूसरे दिन कामदेव के शत्रु सागरसेन मुनि संन्यास से मृत्यु को प्राप्त हुए। एक दिन चारणऋद्धिधारी मुनियों में

6. AP णय। 7. AP णायधारि। 8. A सिद्धु; 9. AP परिगलिउ गव्वु। 10. AP जवणीपणिरोहियंगि।

मणहरवणि आया वणिवरेण जाइवि वंदिवि मउलियकरेण।
परिपुच्छिय धम्मु विसुद्धभाव रिजुमइ भासइ भो गलियगाव।
घरि[1] धम्मु होइ एयारहंगु दंसणवयसामाइयपसंगु।
किं वण्णमि विद्धंसियअणंगु जइधम्मु वि वज्जियसव्वसंगु।
खममद्दवाइगुणगणणिहाणु ता पभणइ वणिवइ भावभाणु।
भणु भणु भयवंत भवंतराइं महुं चरियइं [2]परितोसियणराइं।
ता भासइ रिउमइ मुणि विरोइ गुरु सायरसेणु तवंतु जोइ।
वंदिउ पुज्जिउ राएं जणेण पडुपडहसंखकयणीसणेण।
इहु को वि मुयउ घल्लिउ णरेहिं पुरवरबाहिरि भेरीसरेहिं।
वंफामि[3] अज्जु ता गयइ लोइ णिरु[4] णिच्चलु मुणि वि समंतजोइ।
ढुक्कउ गोमाउ तुरंतु जाम[5] मुणिणा मुयजोएं[6] वुत्तु ताम[7]।
चिरदुक्किएण जायउ सियालु तुहुं अज्जु वि दुण्णयभावणालु।
मुइ मुइ एवहिं पाविट्ठ पावु मा पावें पावहि तिव्वतावु।
तं णिसुणिवि जंबुउ उवसमेण थिउ परियाणियणाणक्कमेण।
इसिणाहें चिंतिउं भव्वु एहु सिज्झेसइ होसइ लहु अदेहु।
इय चिंतिवि भासिउ तेण तासु तुहुं मुइवि ण सक्कहि किं पि मासु।

श्रेष्ठ ऋजुमति और विपुलमति नामक महामुनि मनोहर उद्यान में आये। सेठ ने जाकर हाथ जोड़कर वन्दना की और धर्म पूछा। गलितगर्व और विशुद्धभाव ऋजुमति मुनि कहते हैं—"दर्शन, व्रत और सामायिक से सहित गृहस्थ-धर्म ग्यारह प्रकार का होता है। कामदेव को ध्वस्त करनेवाले और सब प्रकार के परिग्रह से रहित यतिधर्म का क्या वर्णन करूँ जो क्षमा, मार्दव आदि गुणसमूह का निधान है।" तब सेठ पूछता है कि हे पदार्थ-प्रकाशक ज्ञानवान ! मेरे जन्मान्तरों और लोगों को सन्तुष्ट करनेवाले मेरे चरित्रों का कथन करिए। इस पर रागरहित ऋजुमति मुनि कहते हैं—"गुरु सागरसेन योगतप कर रहे थे। राजा और जनों ने उनकी पटुपटह और शंखों के शब्दों के साथ पूजा-वन्दना की। (सियार सोचता है) मनुष्यों ने भेरी के शब्दों के साथ किसी मरे हुए व्यक्ति को नगरवर के बाहिर फेंक दिया है। लोगों के चले जाने पर आज मैं स्वाद से इसे खाऊँगा। उसे निश्चल समझकर सियार तुरन्त वहाँ जैसे ही पहुँचा मुनि ने मन के योग से कहा—"तुम पुराने पाप से सियार हुए हो, आज भी तुम दुर्भावनावाले हो। हे पापात्मा ! तुम इस समय पाप छोड़ो, छोड़ो। पाप से तुम तीव्र ताप को प्राप्त मत होओ।" यह सुनकर सियार उपशमभाव से स्थित हो गया। ज्ञानक्रम से जाननेवाले मुनिनाथ ने यह जान लिया कि यह भव्य है। यह सिद्धि को प्राप्त होगा और शीघ्र ही अशरीरी होगा। यह सोचकर उन्होंने उससे कहा—क्या तुम मांस भी नहीं छोड़ सकते ?

(15) 1. A घरधम्मु। 2. AP परिओसिय°। 3. A फंफाविम अज्जु। 4. AP थिउ णिच्चलु मुणि सम्मत्तजोइ। 5. A ताम; A adds after this : मुय मणुयसरीरि आलग्गु जाम। 6. A मयजोएं। 7. A adds after this : मा णासहि जम्मु पलासणेण।

घत्ता—लइ लइ वउ मइं दिण्णु होहि धम्मसद्धालुउ।
रत्तिहि किं पि म खाइ जइ वि तुहुं भुक्खालुउ ॥15॥

(16)

तं णिसुणिवि कय मासहु णिवित्ति पडिवण्ण तेण तवचरणवित्ति।
वंदिउ गुरु दिण्णपयाहिणेण संखीणु वणासइभोयणेण।
णिउ कालु तेण तिव्वें तवेण परिणामें सुद्धें णवणवेण।
एक्कहिं दिणि सुक्खाहारु[1] भुत्तु तहु तण्हइ सोसिउ सव्वु गत्तु।
अत्थवणकालि[2] कूवंतरालु[3] किर पइसइ जा तिसियउ सियालु।
ता पेच्छइ णउ रविकिरणभारु अवलोइउ तेण घणंधयारु।
णिग्गउ पुणु पेच्छिवि[4] सूरदित्ति कूवइ पइट्ठु पुणु णियइ रत्ति।
कूवइ पइसइ णीसरइ जाम दो तिण्णि पंच वाराउ ताम।
अत्थमिउ भाणु संजाय कालि[5] णिज्जियतमालि[6] पसरियतमालि।
मुउ तण्हइ सुद्धइ भावणाइ संचियसुहाइ खंचियमणाइ।
एवं कुबेरदत्तहु[7] सुचक्खु धणमित्तहि सुउ पीइंकरक्खु।
तं णिसुणिवि रइणिव्विण्णदेहु वयहलु मण्णिवि आयउ सगेहु।
णियसिरि णियणयणाणंदणासु संदिण्ण वसुंधरणंदणासु।

घत्ता—मेरा दिया हुआ व्रत ले लो, धर्म में श्रद्धालु बनो। रात्रि में तुम कुछ भी मत खाना, चाहे तुम्हें खूब भूख भी लगी हो।''

(16)

यह सुनकर उसने मांस से निवृत्ति ले ली। उसने तप के आचरण की वृत्ति स्वीकार कर ली। प्रदक्षिणा करते हुए उसने गुरु की वन्दना की। वनस्पति के भोजन से वह अत्यन्त दुबला-पतला हो गया। उसने तीव्रतप और नये-नये शुद्धभावों से अपना समय बिताया। एक दिन उसने सूखा आहार लिया। प्यास से उसका सारा शरीर सूख गया। सूर्यास्त के समय प्यासा शृगाल जैसे ही कुँए के भीतर प्रवेश करता है, वैसे ही उसे सूर्य का किरणभार दिखाई नहीं दिया। उसने घना अन्धकार देखा। वह बाहर निकला और वहाँ सूर्य का प्रकाश देखकर वह फिर कुएँ में घुस गया। फिर, वहाँ रात्रि देखता है। इस प्रकार वह दो-तीन, पाँच बार जब तक कुँए में घुसता है और उससे निकलता है, तब तक सूर्य डूब जाता है और तमाल को जीतनेवाली और तम की पंक्ति को फैलाती हुई रात हो गयी। प्यास से सुख का संचय करनेवाली, मन का नियन्त्रण करनेवाली भावना से वह मर गया। इस प्रकार वह कुबेरदत्त और धनमित्रा का प्रीतिंकर नाम का सुनयन पुत्र हुआ।'' यह सुनकर रति से निवृत्त है देह जिसकी, ऐसा वह सेठ व्रत के फल को मानकर अपने घर आया। उसने अपने नेत्रों के लिए आनन्ददायक अपनी लक्ष्मी वसुन्धरा के पुत्र को दे दी। वह मगधेश्वर के श्रेष्ठ नगर

---

(16) 1. AP सुक्काहारु। 2. AP अत्थवणयालि। 3. AP कूवंतरालु। 4. AP पेच्छिवि। 5. AP रत्ति। 6. A पसरियउ महारयतिमिरयत्ति; P पसरिय तमालणिह तिमिरयत्ति। 7. A कुबेरदेवहो।

मगहेसरपुरुवरु एउं आउ सहुं बंधुहुं वंदिउ वीयराउ।
संजमभरउड्डियकंधरेण वउ लइयउं सिरिपीइंकरेण।
घत्ता—भरहु व चरमंगु वयहलेण अइसोहिउ।
जंबुउ[8] संजाउ पुप्फदंततेयाहिउ ॥16॥

इय महापुराणे तिसट्ठिमहापुरिसगुणालंकारे महाभव्वभरहाणुमण्णिए महाकइपुप्फयंतविरइए महाकव्वे पीइंकरक्खाणं णाम सयमेकोत्तरं[9] परिच्छेयाणं समत्तं ॥101॥

में आया और भाइयों सहित वीतराग की वन्दना की। संयम के भार को अपने कन्धों से उठानेवाले उनसे प्रीतिंकर ने व्रत ग्रहण कर लिया।

घत्ता—चरमशरीरी वह भरत के समान व्रतफल से अत्यन्त शोभित था। वह सियार सूर्य-चन्द्र के तेज से भी अधिक तेजवाला हो गया।

इस प्रकार त्रेसठ महापुरुषों के गुणालंकारों से युक्त महापुराण में महाकवि पुष्पदन्त द्वारा विरचित और महाभव्य भरत द्वारा अनुमत महाकाव्य का प्रीतिंकर-आख्यान नाम का एक सौ पहला परिच्छेद समाप्त हुआ।

---

8. A जंदुउ, P उवं। 9. AP एक्कोत्तरसइमो परिच्छेओ समत्तो।

दुत्तरसयमो संधि

बहुजाणउ राणउ पुणु भणइ सेणिउ गोत्तम अम्हहं।।
अवसप्पिणि [1]वयणहु सप्पिणि व दरिसणि भावइ[2] तुम्हहं ॥ ध्रुवकं ॥

(1)

ओसप्पिणि [3]एवहि भणु मुणिवर गणिय[4] भणइ हो णिसुणि महाणर।
भो दसारकेसरि तुइच्छर[5] जइयहुं थंति तिण्णि संवच्छर।
तइयहुं आसोयंतइ ससिमुह सिद्धु होइ सिद्धत्थहु[6] तणुरुहु।
एक्कवीससहसइं[7] सम्मत्तइं दुस्समु[8] कालु पहोसइ दुम्मइ।
तहिं होहिंति णरिंद सतामस सयवरिसाउस सयल वि माणुस।
सत्तरयणितणु[9] छायावज्जिय पेम्मपरव्वस इंदियणिज्जिय।
ताहं भुक्ख रसु लोहिउं सोसइ तित्ति[10] तिकालाहारें होसइ।
पावकम्मु[11] बहुदोसभयंकर दीसिहिंति चउवण्ण ससंकर।
सुद्ध[12] ण राय ण वणिय ण दियवर खल होहिंति सयल णिग्घिणयर।
वरिससहसमाणइ गइ दुस्समि पाडलिउत्तणयरि णरसंगमि।
सिसुपालें पुहईमहएविहि होसइ पुत्तु[13] खुद्दु सियसेविहि।

एक सौ दूसरी सन्धि

बहुज्ञानी राजा श्रेणिक फिर कहता है—हे गौतम ! हम लोगों का अवसर्पिणी काल आपके शब्दों और आपके दर्शन से उत्सर्पिणी के समान जान पड़ता है।

(1)

हे मुनिवर ! इस समय अवसर्पिणी बताइए। गौतम गणधर कहते हैं—हे महामानव ! सुनो। हे कुलसिंह और अप्सराओं को सन्तुष्ट करनेवाले (श्रेणिक) ! जब चतुर्थकाल के तीन साल बाकी बचते हैं, तब दक्षिणापथ की अपेक्षा कार्तिक कृष्णा चतुर्दशी के दिन (आसोयंतइ) सिद्धार्थ के पुत्र महावीर सिद्ध होते हैं। इसके बाद इक्कीस हजार वर्ष में समाप्त होनेवाला दुर्मति दुःखमा काल होगा। उसमें राजा लोग तामसी स्वभाव के होंगे। सभी मनुष्य सौ वर्ष की आयुवाले होंगे। सात हाथ शरीरवाले और कान्ति से रहित। प्रेम के वशीभूत और इन्द्रियों के अधीन। भूख उनके रक्त और रस का शोषण करेगी। तीन बार भोजन करने से तृप्ति होगी। चारों वर्ण पापकर्मा बहुदोषों से भयंकर और वर्णसंकर से सहित दिखाई देंगे। न राजा शुद्ध होगा और न वणिक् और न ब्राह्मण। सभी दुष्ट और निर्घृणतर (क्रूर) होंगे। दुःखमा काल के एक हजार वर्ष बीत जाने पर मनुष्यों के संगम पाटलिपुत्र नगर में राजा शिशुपाल और श्री से सेवित पृथ्वी महादेवी से एक क्षुद्र पुत्र होगा।

---

(1) 1. A णयणगहे। 2. AP दीसइ। 3. A भणु एवहिं। 4. A गणि पभणइ। 5. A दुइच्छर। 6. AP सिद्धत्थयतणुरुहु। 7. AP °सहसइं तिणु धसइ। 8. AP वरिसहो दुस्समु कालु पहोसइ। 9. A धम्महीण सुहझाणविवज्जिय। 10. AP तित्ति वि कवलाहारें। 11. AP पावयम्म। 12. A सुद्दु।

घत्ता—अइदुम्मुहु चउमुहु णाम सुउ सयल पुहइ भुंजेसइ।
सामरिसहं वरिसइं पीणभुउ[15] सो सत्तरि जीवेसइ ॥1॥

(2)

सो चालीस वरिस रज्जेसरु तीस वरिस कुमरत्तें सुंदरु।
वसि णेसइ सयलइं पासंडइं मासगासमइरारससोंडइं।
दरिसियमोक्खमहापुरपंथहं पडिकूलउ होसइ णिग्गंथहं।
वसि ण होंति किं मज्झु दियंबर मंति भणंति देव कयसंवर।
करभोयण[1] गिरिकंदरमंदिर पभणइ णइं णवंतु महुं मुणिवर।
एयहं पाणिपत्तदिण्णोयणु हिप्पइ [2]परघरलद्धउं भोयणु।
तं णिसुणेवि सरिच्छ जमवेसें भड[3] जाहिंति सरायाएसें।
ते हरिहिंति गासु भयवंतहं णिब्भयाहं परघरि भुंजंतहं।
तं पेच्छिवि अधम्मु णिच्छयगुणि भुंजिहिंति णउ भोज्जु महामुणि।
जाइवि गावपावसंघायहु[4] किंकरेहिं अक्खिउ णियरायहु।
देव दुट्ठ णिग्गंथ तुहाणइ णउ जीवंति सगुरुसंताणइ।
तं णिसुणिवि दंडहुं [5]जइणरवइ तिक्खदंडु जाएसइ णरवइ।
मुक्कधम्मु खग्गें दारेव्वउ सो केण वि असुरें मारेव्वउ।

घत्ता—अत्यन्त दुर्मुख चतुर्मुख नाम का वह पुत्र समस्त धरती का उपभोग करेगा। स्थूलबाहु वह (कल्कि) अमर्ष, अक्षमादि से भरा हुआ सत्तर वर्ष जीवित रहेगा।

(2)

चालीस वर्ष राज्येश्वर के रूप में और तीस वर्ष कौमार्य के रूप में। वह सुन्दर मांसाहार और मदिरारस से उन्मत्त सभी सम्प्रदायों को अपने वश में कर लेगा। लेकिन मोक्षरूपी महानगर का पथ प्रदर्शन करनेवाले निर्ग्रन्थ (दिगम्बर) साधुओं के विरुद्ध हो जाएगा। (वह पूछेगा) कि क्या दिगम्बर मेरे वश में नहीं होंगे ? मन्त्री कहेंगे—हे देव ! ये संवर करनेवाले, हाथ में भोजन करनेवाले और गिरिगुफाओं में निवास करनेवाले हैं। राजा कहेगा—ये मुनिवर मुझे नमस्कार नहीं करते। इनका हाथ रूपी पात्र का भात और दूसरे के घर से प्राप्त भोजन छीन लिया जाये। यह सुनकर, यमरूप के समान योद्धा अपने राजा के आदेश से जाएँगे और ज्ञानवान, निर्भय, दूसरे घर भोजन कर रहे उनका आहार छीन लेंगे। यह अधर्म देखकर, निश्चयगुणी महामुनि आहार ग्रहण नहीं करेंगे। अनुचर गर्वरूपी पाप के समूह अपने राजा से जाकर कहेंगे—हे देव दुष्ट निर्ग्रन्थ मुनि आपकी आज्ञा से नहीं, परन्तु अपने गुरु की परम्परा से जीवित रहते हैं। यह सुनकर वह राजा जैनमुनियों को दण्डित करने के लिए तीव्र दण्डवाला हो जाएगा। मुक्तधर्म वह तलवार से नष्ट होगा। समय (शास्त्र सिद्धान्त, जिनसिद्धान्त) की प्रभावना के गुण का स्मरण करते हुए जिनशासन के भक्तों द्वारा सहन

13. AP खुद्दु पुत्तु। 14. AP दुद्दमइ।

(2) 1. A कयभोयण। 2. AP परघरे दिण्णउ। 3. AP जड। 4. AP पावगावे। 5. AP जइवरवइ।

समयपहावण गुण सुंअरंतें जिणसासणभत्तें असहंतें।
पढमणरयगुरुविवरि पडेसइ एक्कु समुद्दोवमु जीवेसइ।
खद्धउ पावें सो किं किज्जइ किह जिणसासणु णउ पणविज्जइ।
तहु पुत्तें अजियंजयणामें वड्ढियसुद्धबुद्धिपरिणामें।
जिणसम्मत्तु तच्चु पडिवज्जउं अभयदाणु बहुजीवहं देज्जउं।
रक्खिउ देवें लक्खिउ भल्लउ थिउ महि भुंजमाणु णीसल्लउ।

घत्ता—पुणु होसइ घोसइ गणपवरु[6] मइ चउमुहि कयहरिसहं।
जलमंथणु दुज्जणु अवरु पहु वीसहं सहसहं वरिसहं ॥2॥

(3)

पच्छिमसूरि णाम वीरंगउ होसइ तवसिहि [1]हुणिवि अणंगउ।
संजइ सव्वसिरि त्ति मुणेज्जसु अग्गिलु सावउ हियइ धरेज्जसु।
फग्गुसेण सावइ अइसुव्वय कोसलणयरिणिवासि णिरावय[2]।
दुस्समंति होहिंति णिरुत्तउ एवं[3] सम्मइणाहें वुत्तउ।
जइयहुं थक्कइ पंचमकालउ चउयालीसमाससंखालउ।
अण्णु वि तहिं पण्णारह वासर तइयहुं भो[4] सेणिय माणियधर।
कत्तियमासपढमपक्खंतइ साइरिक्खि दिणयरि [5]उवसंतइ।

नहीं होने पर वह किसी असुर के द्वारा मारा जाएगा। वह प्रथम नरक के महाविवर में पड़ेगा और एक सागर प्रमाण जीवित रहेगा। वह पाप से क्षय को प्राप्त होगा। सो क्या किया जाय ? जिनशासन को क्यों नहीं प्रणाम किया जाये ? जिसका शुद्ध बुद्धि का परिणाम बढ़ गया है, ऐसे अजितंजय नाम का उसका पुत्र जिनेन्द्र द्वारा सम्मत तत्त्व ग्रहण करेगा और बहुत से जीवों को अभयदान देगा। देव से रक्षित वह भला लगेगा और निःशल्य होकर धरती का भोग करेगा।

घत्ता—गणप्रवर (गौतम) घोषित करते हैं कि चतुर्मुख की मृत्यु के बाद हर्ष से भरे बीस हजार वर्ष बीतने पर एक और दुर्जन जलमन्थन (अन्तिम कल्कि) राजा होगा।

(3)

अन्तिम मुनि वीरांगद होंगे जो तप की ज्वाला में कामदेव को नष्ट करेंगे। तुम सर्वश्री आर्यिका को मानोगे और अग्निल श्रावक (अन्तिम) को हृदय में धारण करोगे। फल्गुसेना अन्तिम श्राविका होगी। सुव्रतों को धारण करनेवाले निरापद ये अयोध्यानगरी के निवासी होंगे। ये दुःखमा काल के अन्त में होंगे, ऐसा निश्चय रूप से सन्मतिनाथ ने कहा है। और जब पंचमकाल के चवालीस माह और पन्द्रह दिन शेष रह जाएँगे, तब धरती को माननेवाले हे श्रेणिक ! कार्तिक माह के प्रथम पक्ष (कृष्णपक्ष) में स्वातिनक्षत्र में सूर्य के अस्त होने पर, संन्यासपूर्वक अपने शरीरों को छोड़कर, सद्भाव से जिनवर का ध्यान कर, वे चारों धर्मनिष्ठ

6. A गुणपवरु।

(3) 1. AP °हुणियाणंगउ। 2. AP अगव्वय। 3. AP एमउं। 4. AP हो। 5. A उवयंतए; P उवयंतए।

संणासणेण मुएवि कलेवरु　　समभावें णिज्झाइवि जिणवरु।
चत्तारि वि जणाइं धम्मिट्ठइं　　पढमसग्गु जाहिंति वरिट्ठइं।
मज्झण्हइ पत्थिउ णासेसइ　　बंभणधम्मु खयहु जाएसइ।
चाउवण्णु[6] कुलधम्मु गलेसइ　　देसधम्मु[7] णिम्मूलु हवेसइ।

घत्ता—पासंडि तिदंडि ण तवसि तहिं णउ तहिं खत्तियसासणु।
अवरण्हइ उण्हइ मंदिरहु णासइ झत्ति हुयासणु ॥3॥

(4)

तइयहुं अइदुस्समु पइसेसइ　　माणुसु वीसवरिस जीवेसइ।
भणिउ तिअद्धहत्थमाणंगउ　　बहुवेलासणु पावपसंगउ[1]।
णरयतिरिक्खहं होंतउ आवइ　　मुउ तहिं जि पुणु संभउ पावइ।
कालें जंतें माणवसत्थें　　विणु कप्पासविणिम्मियवत्थें।
परिहेव्वउं तरुपल्लवणिवसणु　　फलभोयणु अवरु वि णग्गत्तणु।
भो भूवइ भविस्सपरमेसर　　अइदुस्समकालंति णरेसर।
वीरिउ बलु आउ वि ओहट्टइ　　सोलहवरिसइं जीविउं वट्टइ।
असुहहं दुब्भगदुस्सररुक्खहं[2]　　कसणसरीरहं दीणहं मुक्खहं।
खंचियभोयहं पसरियरोयहं　　हत्थमेत्तु तणु होसइ लोयहं।
जइयहुं छट्ठकालपरमावहि　　तइयहुं फरुसत्तें फुट्टइ महि।

और वरिष्ठ प्रथम स्वर्ग में जाएँगे। मध्याह्न में राजा का नाश हो जाएगा। ब्राह्मणधर्म क्षय को प्राप्त होगा। चातुर्वर्ण्य व्यवस्था और कुलधर्म नष्ट हो जाएगा। देशधर्म भी निर्मूल हो जाएगा।

घत्ता—पाखण्डी, त्रिदण्डी होंगे, तपस्वी नहीं होंगे और न वहाँ क्षत्रिय-शासन होगा। उष्ण अपराह्न में घर से आग नष्ट (विलीन) हो जाएगी।

(4)

तब से अतिदुःखमा काल प्रारम्भ होगा। मनुष्य बीस वर्ष जीवित रहेगा। वह साढ़े तीन हाथ के बराबर शरीरवाला कहा गया है, अनेक बार भोजन करनेवाला और पापों से लिप्त। नरक और तिर्यंच गतियों से होकर आएगा और मरकर, फिर वहीं जन्म प्राप्त करेगा। समय बीतने पर मानवसमूह, कपास से निर्मित वस्त्रों के बिना, तरुपल्लवों के वस्त्र पहिनेगा, फलों का भोजन करेगा, और नग्न रहेगा। हे भावी परमेश्वर राजन् ! अतिदुःखमा काल में वीर्य, बल और आयु भी घट जाती है। केवल सोलह वर्ष का जीवन रहता है। अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, रूखे, कृष्णशरीर, दीन, मूर्ख, भोगों से युक्त, रोगों से व्याप्त लोगों का एक हाथ का शरीर होगा। जब छठे काल की अन्तिम अवधि समाप्त होगी, तब कठोरता से धरती फट जाएगी। वृक्षों

6. A वेउ धम्मु; P एउ धम्मु 7. K records a p : अथवा हेउधम्मु युक्तिस्वरूपम्।
(4) 1. K पावसपसंगउ। 2. AP °दुस्सरदुक्खहं।

महिरुहवेल्लिजालु उच्छिज्जइ[3] जीवहु पलयकालु संपज्जइ।
सुरसिंधुहि सिंधुहि खयरद्दहु आसंघिवि वेइय वेयड्ढहु।
जीविहिंति णर पावसरीरें सरिजलसंभवजीवाहारें।
णट्ठायार हीण जड माणव दुत्थिय बाहत्तरिकुलसंभव।
के वि खुद्दविवरइं पइसेप्पिणु अच्छिहिंति अप्पाणु भरेप्पिणु।
विससमाणु जलहरु वरसेसइ[4] खारु तिक्खु पाणिउ वरिसेसइ।
सत्त सत्त दियहइं जइ भासइ चित्ता णाम भूमि सम दीसइ।
अवसप्पिणि किर एत्थु समप्पइ पुणु वि भडारउ भणइ वियप्पइ।
घत्ता—अइदुस्समु दुग्गमु पइसरइ ओसप्पिणिहि पवेसइ।
मणुयाउ वि काउ वि मइं भणिउं चिरसंखाइ समासइ ॥4॥

(5)

वरिसिहिंति पुणु खीरपओहर[1] तेत्तिय दियहइं जणवयदुहहर।
अमयमेह सिंचंति धरायलु होसइ सयलु सयलु संचियफलु।
रसवरिसें रसु धरणि धरेसइ णीरणियरु[2] विवरहु णिग्गेसइ।
कमपवुड्ढि[3] पुणु दुस्समि पावइ वरिसइं वीस जाम ता जीवइ।
तिरयणियद्धरयणिदेहुल्लउ कालें जंतें होसइ भल्लउ।
पहिलउ चउहत्थुण्णइ[4] काएं कुलयरु भासिउ वियलियराएं।

और लताओं का जाल उच्छिन्न हो जाएगा। जीव के लिए प्रलयकाल होगा। गंगा और सिन्धु नदियों के तटों पर और विजयार्ध पर्वत की वेदी पर आश्रय लेकर कुछ मनुष्य अपने पापशरीर से तथा नदीजल में उत्पन्न जीवों के आहार से जीवित रहेंगे। नष्टाचार, हीन और मूर्ख मनुष्य दुःस्थित एवं बहत्तर कुलों में जन्म लेनेवाले होंगे। कोई क्षुद्र बिलों में प्रवेश कर अपना भरण-पोषण करते रहेंगे। मेघ विष के समान बरसेंगे। खारा और कड़वा पानी गिरेगा, सात-सात दिन तक—ऐसा यतिवर कहते हैं। यहाँ आकर अवसर्पिणी काल समाप्त होगा। आदरणीय गणधर फिर कहते हैं और उसका विस्तार करते हैं—

घत्ता—फिर उत्सर्पिणीकाल में दुर्गम अतिदुःखमा काल प्रवेश करेगा। मनुष्य की आयु और शरीर भी वही होगा जो पुरानी संख्या में संक्षेप से कहा है।

(5)

फिर, उतने ही दिन जनपदों का दुःख दूर करनेवाले दूध के मेघ बरसेंगे। अमृत-मेघ धरती का सिंचन करेंगे। समस्त कलायुक्त संचित फल होगा। जल की वर्षा से धरती रस को धारण करेगी। विवरों से जलसमूह निकलेगा। दुःखमा काल में क्रमशः इसकी वृद्धि होगी और मनुष्य बीस वर्ष तक जीवित रहेगा। साढ़े तीन

---

3. P उच्छज्जइ। 4. AP विरसेसइ।

(5) 1. AP छीर°। 2. AP णरणियरउं 3. P कमे पवुड्ढि। 4. A °हत्थेणें काएं; P °हत्थूणें काएं।

अंतिमु सत्तहत्थपरिमाणें दिट्ठु ण चुक्कइ केवलणाणें।
पढमु कणउ बीयउ कणयप्पहु कणयराउ कणयद्धउ णरपहु।
अवरु कणयपुंगमु णलिणंकउ णलिणप्पहु कुलगयणससंकउ।
णलिणराउ अवरु वि णलिणद्धउ रूवें णावइ सइं मयरद्धउ।
राउ णलिणपुंगमु पउमक्खउ पउमप्पहु [5]वसंतु पच्चक्खउ।
पउमराय पउमद्धउ राणउ णिवइ पउमपुंगमु बहुजाणउ।
अवरु महापउमु वि सोलहमउ कहइ महामुणि दूरुज्झियमउ।
एयहुं कालि कालि णंदइ पय णरणाहहं परिवड्ढइ संपय।
जणवउ होसइ सव्वु सुसीलउ सिहिसिद्धण्णें भोयणयालउ।

घत्ता—सुहमेलइ कालइ[6] तइयइ संपत्तइ सउ अद्दहं।
णउ[7] जीउ धरंति मरंति ण वि वयणुण्णइइ[8] जिणिंदहं[9] ॥5॥

(6)

जे होहिंति तेत्थु तित्थंकर वूढदप्प कंदप्पखयंकर।
बद्धउं जेहिं कम्मु जगखोहणु अरहंतत्तणु मोक्खारोहणु।
ताहं महापुरिसहं मणि मण्णह णामइं चउवीसहं आयण्णह।

हाथ का उसका शरीर होगा। समय बीतने पर उसका भला होगा। पहला कुलकर शरीर से चार हाथ उन्नत होगा, ऐसा वीतराग और अन्तिम कुलकर सात हाथ प्रमाण का भगवान ने कहा है। केवलज्ञान द्वारा देखा गया कभी गलत नहीं होता। पहला कनक, दूसरा कनकप्रभ, फिर कनकराज, कनकध्वज कुलकर, फिर एक और (पाँचवाँ) कनकपुंगम, फिर नलिन, फिर कुलरूपी गगन का चन्द्र नलिनप्रभ, नलिनराज, एक और नलिनध्वज जो रूप में मानो स्वयं कामदेव होगा, राजा (दसवाँ) नलिनपुंगम, पद्म, पद्मप्रभ जो मानो प्रत्यक्ष वसन्त था, राजा (तेरहवाँ) पद्मराज और राजा पद्मध्वज, और राजा बहुज्ञानी पद्मपुंगम। और एक दूसरा सोलहवाँ महापद्म—जिन्होंने मद को दूर से छोड़ दिया है, ऐसे महामुनि कहते हैं। इनके समय में प्रजा प्रसन्न होगी, राजाओं की सम्पत्ति बढ़ेगी। समस्त जनपद सुशील होगा। आग से पका हुआ अनाज उनका भोजन होगा।

घत्ता—सुख की योजना करनेवाले तीसरे काल के प्रारम्भ होने पर जब सौ वर्ष पूरे होंगे, तो जीव न तो दूसरों को मारेंगे और न आत्मघात करेंगे। जिनेन्द्र भगवान के वचनों की उन्नति होगी।

(6)

उसमें जो दर्प काम का क्षय करनेवाले तीर्थंकर होंगे; जिन्होंने जग को क्षुब्ध करनेवाली और मोक्ष का आरोहण करानेवाली अर्हन्त प्रकृति का बन्ध किया है, उन महापुरुषों को तुम मन में मानो। उन चौबीस के नाम सुनो—1. श्रेणिक प्रभु, 2. सुपार्श्व, 3. उदंक, 4. प्रोष्ठिल, 5. शंका को आहत करनेवाले कटप्रू,

5. AP पसण्णपंचक्खउ। 6. AP तइयए कालए। 7. AP णर। 8. AP वयणु ण ढलइ। 9. AP रिसिंदहं।

सेणिउ पहु सुपासु उययंकउ पोट्ठिलु कडचंचु[1] वि हयसंकउ।
खत्तिउ सट्ठु[2] [3]णाम संखालउ णंदणु पुणु सुणंदु सुगुणालउ।
पुणु ससंकु केसउ धम्मंकिउ पेम्मकम्मु तोरणसण्णंकिउ।
रेवउ वासुएउ बलु अवरु वि भगलि[4] विगलि दीवायणु णररवि।
कणयक्खउ पायंतउ णारउ चारुपाउ सच्चइसुउ सारउ।
आइजिणेसरु तहिं महु भावइ सउ वरिसहं सोलत्तरु जीवइ।
जाणमि सत्तरयणिमाणंगउ छेइल्लउ दूरुज्झियसंगउ।
पंचसयाइं तुंगु धणुदंडहं दिहि हरंतु मयरद्धयकंडहं।
पुव्वहं कोडि देउ जीवेसइ णामावलिय ताहं जइ घोसइ।

घत्ता—धुउ पउमु महापउमु जि पढमु पुणु सुरदेउ सुसासणु।
हयपासु सुपासु सयंपहु वि सव्व[5] भूइ मलणासणु ॥6॥

(7)

देवउत्तु कुलउत्तु उअंकउ पोट्ठिलु जयकित्ति वि गयपंकउ।
मुणिसुव्वउ पावारि विरायउ[1] णिक्कसाउ सुविउलु हयमायउ।
चित्तगुत्तु जिणु विरइयसंवरु अरुहु समाहिगुत्तु ससयंवरु।
अणियत्ति वि णामें रिसिसारउ[2] विमलु वि जउ सुरपाउ[3] भडारउ।

---

6. क्षत्रिय, 7. श्रेष्ठी, 8. शंख, 9. नन्दन, 10. सद्गुणालय सुनन्द, फिर, 11. शशांक, धर्म से युक्त, 12. केशव, 13. प्रेमकर्म, 14. तोरण नाम से अंकित, 15. रैवत, 16. बलवान वासुदेव, एक और, 17. भगलि, 18. विगलि, 19. द्वैपायन, 20. कनकपाद, 21. नारद, 22. चारुपाद, 23. श्रेष्ठ और 24. सत्यकिपुत्र। उनमें आदि तीर्थंकर सोलहवें कुलकर (महापद्म) मुझे अच्छे लगते हैं, वह सोलह अधिक सौ (116) वर्ष जीवित रहेंगे। मैं जानता हूँ उनका शरीर सात हाथ ऊँचा होगा। वे चतुर होंगे और परिग्रह से दूर होंगे। उनमें अन्तिम तीर्थंकर (अनन्तवीर्य) का शरीर पाँच सौ धनुष ऊँचा होगा और वह कामदेव के तीरों के धैर्य का हरण करनेवाले होंगे। देव एक करोड़ वर्ष पूर्व जीवित रहेंगे। यति उनकी नामावलि की घोषणा इस प्रकार करते हैं—

घत्ता—1. शाश्वत श्रीवाले पहले महापद्म, फिर 2. सुशासनवाले सुरदेव, 3. बन्धन को नष्ट करनेवाले सुपार्श्व, 4. स्वयंप्रभ, और 5. मल का नाश करनेवाले सर्वात्मभूत।

(7)

